# लोक-सभा वाद-विवाद

## संक्षिप्त अनूदित संस्करण

## SUMMARISED TRANSLATED VERSION OF 3rd LOK SABHA DEBATES

[ग्यारहवां सत्र
Eleventh Session]

Preservation Unit
F. migrated
On 27.5.92
Parliament Library

[खंड 39 में अंक 21 से 30 तक हैं
Vol. ~~XXXIX~~ 40 contains Nos. 21—30]

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : एक रुपया

Price · One Rupee

[यह लोक-सभा वाद-विवाद का संक्षिप्त अनूदित संस्करण है और इसमें अंग्रेजी/हिन्दी में दिये गये भाषणों आदि का हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद है

This is translated version in a summary form of Lok Sabha Debates and contains Hindi/English translation of speeches etc. in English/Hindi.]

632 (Ai) LS—1

## विषय-सूची

**अंक 23, मंगलवार, 23 मार्च, 1965/2 चैत्र, 1887 (शक)**

## प्रश्नों के मौखिक उत्तर


| *तारांकित प्रश्न संख्या | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 522 | बंजर भूमि में खेती . | 2113—16 |
| 523 | केन्द्रीय उर्वरक विपणन निगम | 2116—18 |
| 524 | अनाज की वसूली | 2118—22 |
| 525 | गन्ने का अग्रिम ठेका . | 2122—24 |
| 526 | खाद्यान्नों का आयात . | 2124—28 |
| 527 | अनाज के रूप में लगान . . | 2128-29 |
| 528 | कृषकों की उर्वरकों के प्रति अरुचि . . | 2129—32 |
| 529 | अनाज के उठवाने के काम का विभागीकरण . | 2132 |
| 530 | अनाजों का लाना-लेजाना . . . . | 2132—36 |


## प्रश्नों के लिखित उत्तर


| | | |
|---|---|---|
| 531 | अनुसूचित आदिम जातियां . . . . | 2136 |
| 532 | पटसन विकास समिति . . . | 2137 |
| 533 | अनैतिक पण्य . . . . | 2138 |
| 534 | रेगिस्तान विकास बोर्ड . . . | 2138-39 |
| 535 | मुख्य मंत्रियों का सम्मेलन . . | 2139 |
| 536 | रिवर स्टीम नेवीगेशन कम्पनी लिमिटेड . . . | 2139-40 |
| 537 | भिखारी समस्या . . . . . | 2140 |
| 538 | गौंडा चनाव . . . . | 2140 |
| 539 | मध्य प्रदेश म चीनी मिल . . . . | 2140-41 |
| 540 | चीनी के नये कारखानों के लिये लाइसेंस . . . | 2141-42 |
| 541 | खादी का मूल्य . . | 2142 |
| 542 | चीनी विपणन बोर्ड . . . . . | 2142 |


**अतारांकित**
**प्रश्न संख्या**


| | | |
|---|---|---|
| 1378 | कर्मचारियों की लापरवाही के लिये राज्य की जिम्मेदारी . | 2142 |
| 1379 | पिछड़े वर्ग . . . . . | 2142 |


*किसी नाम पर अंकित यह + चिह्न इस बात का द्योतक है कि प्रश्न को सभा में उस सदस्य ने वास्तव में पूछा था ।

## CONTENTS

*No. 23—Tuesday, March 23, 1965/Chaitra 2, 1887 (Saka)*

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS


| *Starred Questions Nos.* | *Subject* | PAGES |
|---|---|---|
| 522 | Cultivation of waste Lands | 2113—16 |
| 523 | Central Fertilizer Marketing Corporation | 2116—18 |
| 524 | Procurement of Foodgrains | 2118—22 |
| 525 | Advance Bonding of Sugarcane | 2122—24 |
| 526 | Import of Foodgrains | 2124—28 |
| 527 | Land Revenue in Kind | 2128—29 |
| 528 | Aversion of Farmers to Fertilizers | 2129—32 |
| 529 | Deparmentalisation of Clearance of Foodgrains | 2132 |
| 530 | Movement of Foodgrains | 2132—36 |


WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS


| *Starred Questions Nos.* | | |
|---|---|---|
| 531 | Scheduled Tribes | 2136 |
| 532 | Jute Development Committee | 2137 |
| 533 | Immoral Traffic | 2138 |
| 534 | Desert Development Board | 2138-39 |
| 535 | Conference of Chief Ministers | 2139 |
| 536 | River Steam Navigation Company Limited | 2139-40 |
| 537 | Beggar Problem | 2140 |
| 538 | Gonda Election | 2140 |
| 539 | Sugar Mills in Madhya Pradesh | 2140-41 |
| 540 | Licences of New Sugar Factories | 2141-42 |
| 541 | Price of Khadi | 2142 |
| 542 | Sugar Marketing Board | 2142 |

| *Unstarred Questions Nos.* | | |
|---|---|---|
| 1378 | Liability of the State for the negiligence of employees | 2142 |
| 1379 | Backward Classes | 2142 |

| अतारांकित प्रश्न संख्या | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1380 | बहादुरगढ़-केन्द्रीय सचिवालय, दिल्ली बस सेवा | 2143 |
| 1381 | मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित आदिम जातियां | 2143 |
| 1382 | मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिये छात्रावास | 2144 |
| 1383 | कृषि नीति | 2144–45 |
| 1384 | कुटीर उद्योग | 2145 |
| 1385 | समाज कल्याण तथा सुरक्षा का कार्यक्रम | 2145–46 |
| 1386 | भूमि बन्धक बैंक | 2146 |
| 1387 | कीटाणुनाशक दवाओं के लिये सीमा शुल्क से छूट | 2146 |
| 1388 | बीमा सहकारी समितियां | 2147 |
| 1389 | चीनी के कारखाने | 2147 |
| 1390 | ज्वार की खरीद | 2147–48 |
| 1391 | भारतीय विधि संस्थान | 2148 |
| 1392 | परिसीमन निकाय | 2148 |
| 1393 | औद्योगिक परियोजनाओं का प्रभाव | 2148–49 |
| 1394 | केसर का उत्पादन | 2149 |
| 1395 | लघु सिंचाई कार्यक्रम | 2149 |
| 1396 | उड़ीसा के लिये अम्बर चर्खे | 2149–50 |
| 1397 | ग्राम सेवकों का प्रशिक्षण | 2150 |
| 1398 | आटे की चक्कियों को गेंहूं का कोटा | 2150–51 |
| 1399 | छोटी गंडक पर पुल | 2151–52 |
| 1400 | विदेशी पर्यटक | 2152 |
| 1401 | लाल किला | 2152 |
| 1402 | कृषि निगम | 2152–53 |
| 1403 | बीज फार्म | 2153 |
| 1404 | विक्रय संस्थायें | 2153 |
| 1405 | उड़ीसा म अनुसूचित जातियों में तथा अनुसूचित आदिम जातियों के छात्रों के लिये मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्तियां | 2153–54 |
| 1406 | खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के कर्मचारी | 2154 |
| 1407 | खाद्य तथा कृषि मंत्रालय म नियुक्तियां | 2154–55 |
| 1408 | ओंकारेश्वर में नर्मदा पर पुल | 2155 |
| 1410 | नेफा कला तथा शिल्प प्रदर्शनी | 2156 |
| 1411 | महाराष्ट्र को अनाज का सम्भरण | 2156 |
| 1412 | मद्रास राज्य में नलकूप | 2156 |
| 1413 | भेड़ पालन योजना | 2157 |
| 1414 | दिल्ली दुग्ध योजना के कर्मचारी | 2157 |

| *Unstarred Questions Nos.* | *Subject* | PAGES |
|---|---|---|
| 1380 | Bahadurgarh-Central Secretariat Delhi Bus Service | 2143 |
| 1381 | Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Madhya Pradesh | 2143 |
| 1382 | Hostels for S. C. & S. T. in Madhya Pradesh | 2144 |
| 1383 | Agricultural Policy | 2144-45 |
| 1384 | Cottage Industry Sector | 2145 |
| 1385 | Social Welfare and Security Programme | 2145-46 |
| 1386 | Land Mortgage Banks | 2146 |
| 1387 | Exemption of Insecticides from terminal tax | 2146 |
| 1388 | Insurance Cooperatives | 2147 |
| 1389 | Sugar Manufacturing Units | 2147 |
| 1390 | Purchase of Jowar | 2147-48 |
| 1391 | Indian Law Institute | 2148 |
| 1392 | Delimitation Body | 2148 |
| 1393 | Effect of Industrial Projects | 2148 |
| 1394 | Production of Saffron | 2149 |
| 1395 | Minor Irrigation Programmes | 2149 |
| 1396 | Ambar Charkhas for Orissa | 2149-50 |
| 1397 | Training of Village Level Workers | 2150 |
| 1398 | Wheat Quota for Flour Mills | 2150-51 |
| 1399 | Bridge at Chhoti Gandak | 2151-52 |
| 1400 | Foreign Tourists | 2152 |
| 1401 | 'Red Fort, Delhi. | 2152 |
| 1402 | Agricultural Corporations | 2152-53 |
| 1403 | Seed Farms | 2153 |
| 1404 | Marketing Societies | 2153 |
| 1405 | Post-Matric Scholarships to S.C. and S.T. Students in Orissa | 2153-54 |
| 1406 | Employees of Khadi and Village Industries Commission | 2154 |
| 1407 | Appointments in the Ministry of Food and Agriculture | 2154-55 |
| 1408 | Bridge over Narmada at Omkareshwar | 2155 |
| 1410 | Exhibition of NEFA Arts and Crafts | 2156 |
| 1411 | Supply of Foodgrains to Maharashtra | 2156 |
| 1412 | Tube Wells in Madras State | 2156 |
| 1413 | Sheep Breeding Scheme | 2157 |
| 1414 | Employees of Delhi Milk Scheme | 2157 |

| अतारांकित प्रश्न संख्या | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1415 | राष्ट्रीय राजपथ नं० 28 पर वडंघाट में पुल . | 2157 |
| 1416 | दिल्ली-गोरखपुर विमान सेवा . . | 2158 |
| 1417 | शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता सहकारी समितिया | 2158 |
| 1418 | मोटर गाड़ी अधिनियम . . | 2158 |
| 1419 | सहकारी गोदामों में अनाज का स्टाक . | 2158–59 |

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना—

केरल में राष्ट्रपति का शासन जारी रखना . . 2159

श्री नरेन्द्रसिंह महीड़ा . . . 2159

श्री नन्दा . . . 2159

विशेषाधिकार के प्रश्न के बारे में . . . . 2159—60

सभा पटल पर रखे गये पत्र . . . . . 2160—62

सामान्य आयव्ययक—सामान्य चर्चा . . . 2163—85

श्री द्वा० ना० तिवारी . . . 2163–64

श्री के० दे० मालवीय . . 2164—66

श्री नाथ पाई . . . . 2166—69

श्री मुरारका . . . . 2169—71

श्री उ० मू० त्रिवेदी . . . . 2172–73

श्री रघुनाथ सिंह . . . . 2173–74

श्री गौरी शंकर कक्कड़ . . . 2174—76

श्री मान सिंह पृ० पटेल . . . 2176–77

श्री र० ना० रेड्डी . . . . 2177—79

श्री श्रीनारायण दास . . . . 2179–80

श्री बाल कृष्ण सिंह . . . . 2180–81

डा० मेलकोटे . . . . 2181–82

श्री कन्डप्पन . . . . 2182–83

श्री हे० बी० कौजलगी . . . 2183

श्री महेश दत्त मिश्र . . . . 2183–84

श्री पी० रा० रामकृष्णन् . . . 2184–65

---

| *Unstarred Question No.* | Subject | PAGE |
|---|---|---|
| 1415. | Bridge at Vardghat on National Highway No. 28 | 2157 |
| 1416. | Delhi-Gorakhpur Air Service | 2158 |
| 1417. | Consumer Cooperatives in Urban Areas | 2158 |
| 1418. | Motor Vehicles Act | 2158 |
| 1419. | Foodgrain Stocks in Govt. Godowns | 2158-59 |

Calling Attention to Matter of Urgent Public Importance—continuance of President's Rule in Kerala . . . . 2159

Shri Narendra Singh Mahida . . . . . 2159

Shri Nanda . . . . . . . . 2159

Re : Point of Privilege . . 2159-60

Papers laid on the Table . . . . . 2160—62

General Budget—General Discussion . . . . . . 2163-85

Shri D. N. Tiwary . . . . . . . . 2163-64

Shri K. D. Malaviya . . . . . . . . 2164—66

Shri Nath Pai . . . . . . . . . 2166—69

Shri Morarka . . . . . . . . . 2169—71

Shri U. M. Trivedi . . . . . . . . 2172-73

Shri Raghunath Singh . . . . . . . 2173-74

Shri Gauri Shankar Kakkar . . . . . . 2174—76

Shri Man Sinh P. Patel . . . . . . . 2176-77

Shri R. N. Reddi . . . . . . . . 2177—79

Shri Shree Narayan Das . . . . . . . 2179-80

Shri Bal Krishna Singh . . . . . . . 2180-81

Dr. Melkote . . . . . . . . . 2181-82

Shri S. Kandappan . . . . . . . . 2182—83

Shri H. V. Koujalgi . . . . . . . . 2183

Shri Mahesh Dutta Misra . . . . . . . 2183-84

Shri P. R. Ramakrishnan . . . . . . . 2184—85

# लोक सभा
# LOK SABHA

मंगलवार, 23 मार्च, 1965/2 चैत्र, 1887 (शक)

*Tuesday, March 23, 1965/Chaitra 2, 1887 (Saka)*

लोक सभा ग्यारह बजे समवेत हुई

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock*

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए]
MR. SPEAKER *in the Chair.*

## प्रश्नों के मौखिक उत्तर
## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Cultivationn of Waste Lands

+
*522. **Shri Onkar Lal Berwa:**
**Shri Hukam Chand Kachhavaiya:**
**Shri Yashpal Singh:**
**Shri S.M. Banerjee:**
**Shri Bhgawat Jha Azad:**
**Shrimati Savitri Nigam:**
**Shri R.G. Dubey:**
**Shri P.C. Borooah:**
**Shri Sidheshwar Prasad;**
**Shri Maheshwar Naik:**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to refer to the reply given to Statred Question No. 422 on the 8th December, 1964 and state :

(a) whether the proposal for establishing a Corporation for the reclamation and cultivation of waste lands in the country for growing export-oriented crops has since been considered ;

(b) if so, the acreage of waste lands to be made cultivable under this scheme; and

(c) the time by which the said Corporation is likely to be set up ?

**The Deputy Minister in the Minietry of Foon and Agricuture (Shri D R. Chavan)** : (a) to (c). Land has been offered by a few State Government for reclamation and cultivation by the proposed Corporation, and a Project Officer has been appointed to inspect these lands with a view to determining whether these are capable of being reclaimed at reasonable costs. Efforts will be made to set up the Corporation at the earliest possible date after the feasibility reports are received. It is not possible at this stage to indicate the acreage of waste lands to he reclaimed.

**Shri Onkar Lal Berwa :** What is the area of waste land in the country ? Has any survey been made in this regard ?

**Shri D.R. Chavan :** As I mentioned in the beginning of the question it is impossible to assess the waste land.

**Shri Onkar Lal Berwa :** Have the orders for forming corporations been issued to the State Governments, if so, by what will they be able to form the Corporations ?

**Shri D.R. Chavan :** We shall form the Corporation and not the State Governments.

**Shri Onkar Lal Berwa :** As Corporation is going to be constituted in Rajasthan in a few days. I want to know whether similar orders have been issued to State Governments, if, so, by what time they will be able to constitute them.

**Shri D.R. Chavan :** Orders have not been issued to State Governments.

**Shri Yashpal Singh :** May I know whether any scheme has been framed to give subsidy to the farmers straight way for making the waste lands cultivable instead of forming these corporations ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : यह देखा गया है कि एक साधारण, किसान के लिये बंजर भूमि को खेती योग्य बनाना और उसमें खेती करना संभव नहीं होगा । इस काम को बड़े पैमाने पर करना पड़ेगा । इसीलिये हम चाहते हैं कि इस काम को निगम करे । उस के पास इस को करने के लिये सभी संसाधन और सुविधाएं होंगी ।

**श्रीमती सावित्री निगम** : जो समिति सर्वेक्षण कर रही है उसके निदेशपद क्या हैं ? विभिन्न राज्यों में बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने में कितना समय लगेगा, क्या उसका पता लगाने के लिये भी कहा गया है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : जब किसी राज्य से बंजर भूमि की सूचना मिलती है तो एक तकनीकी दल उस स्थान का दौरा करता है और इस बात का पता लगाने का प्रयत्न करता है कि क्या उस भूमि को खेती योग्य बनाया जा सकता है, उस पर कितनी लागत आयेगी, इस का क्या उपयोग किया जा सकता है और क्या ये सब करना लाभप्रद होगा । इस आधार पर हम स्थानों को चुनते हैं ।

**श्री राम सहाय पाण्डेय** : काफी समय पहले चम्बल खण्डों को खेती योग्य बनाने की एक योजना बनाई गई थी । उसका क्या परिणाम निकला और कितना कार्य किया गया है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : केवल कुछ ही राज्यों ने भूमि की उपलब्धता की सूचना दी है । वे हैं गोवा प्रशासन और गुजरात, उड़ीसा और राजस्थान की राज्य सरकारें । उन्होंने भूमि के कुछ प्लाटों की पेशकश की है । अन्य राज्य सरकारें अभी इस पर विचार कर रही हैं । उन्होंने अभी यह नहीं बताया है कि उनके राज्यों में कितनी भूमि उपलब्ध होगी ।

**श्री हेम बरुग्रा** : क्या विनोबा जी द्वारा भूदान ग्रान्दोलन द्वारा इकट्ठी की गई भूमि में भी यह निगम ग्रपना कार्य करेगा ? यदि हां, तो क्या सरकार ने इस प्रकार की जमीनों को समन्वित करने की किसी प्रणाली पर विचार किया है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : यह एक सर्वथा भिन्न योजना है। विनोबा जी का भूदान ग्रान्दोलन उन जमीनों से सम्बन्ध रखता है जिन में पहले से खेती की जा रही है । यह बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने के बारे में है ।

**श्री पु० र० पटेल** : बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने पर कितना धन व्यय करना होगा ? क्या इस का पता लगाया गया कि क्या उस पैसे को खेती की जा रही भूमि में ग्रधिक उत्पादन ग्रौर ग्रच्छी सिंचाई के लिये खर्च करना ज्यादा लाभप्रद होगा ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : विभिन्न प्लाटों के बारे में निर्णय करने से पूर्व इस पर भी विचार किया जायेगा । यदि पैसा खर्च करना ग्रलाभप्रद समझा गया तो ऐसा नहीं किया जायेगा । यदि उचित व्यय कर के भूमि को खेती के योग्य बनाना संभव हुग्रा तो काफी भूमि को खेती योग्य बनाया जायेगा ।

**श्री क० ना० तिवारी** : जिस व्यक्ति को भूमि दी जायेगी क्या उस से भूमि की लागत तथा उसको खेती के योग्य बनाने की लागत ली जायेगी ग्रौर क्या एक बार ही यह रकम ले ली जायेगी ग्रथवा किश्तों में ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : इस का सम्बन्ध सरकारी बंजर भूमि से है न कि गैर सरकारी बंजर भूमि से ?

**Shri Kishen Pattnaik :** Was there any plan earlier to this regarding waste lands if so, to what result ?

**Shri D.R. Chavan :** There was no scheme before.

**श्री बड़े** : मध्य प्रदेश के भिन्ड क्षेत्र में डकैती की समस्या को देखते हुए, क्या सरकार चम्बल की खंडों को खेती योग्य बनाने के लिये मध्य प्रदेश को सहायता देगी ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : वह एक पृथक योजना है जो सरकार के विचाराधीन है ।

**श्री श्यामलाल सर्राफ** : कुछ दिन पहले उपमंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिये सारे देश में एकीकृत योजनाएं हैं । क्या यह योजना उस योजना से पृथक है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : यह एक पृथक योजना है, इस कार्य को हाथ में लेने के लिये एक बंजर भूमि विकास निगम बनाना, ग्रौर इसका ग्रभिप्राय यहां पर निर्यात की जा सकने वाली वस्तुग्रों का उत्पादन करना था । हां, उसके साथ-साथ खाद्य उत्पादन ग्रौर ग्रन्य उत्पादन को भी लिया जायेगा । इसलिये यह एक विशिष्ट परियोजना है ग्रौर इसी के लिये भूमि चुननी पड़ेगी ।

**श्री लीलाधर कटकी :** जो भूमि कृषि योग्य बनाई जायेगी क्या उसको फसल उगाने के लिये काश्तकारों को दिया जायेगा अथवा क्या सरकार इस भूमि को सरकारी फार्मों के रूप में उपयोग में लाने का विचार रखती है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** इस भूमि में निगम स्वयं खेती करेगा ।

## केन्द्रीय उर्वरक विपणन निगम

*523. **श्री यशपाल सिंह :**
**श्री स० मो० बनर्जी :**
**श्री भागवत झा आजाद :**
**श्री दे० द० पुरी :**
**श्रीमती रेणुका राय :**
**श्री हिम्मतसिंहका :**
**श्री रामेश्वर टांटिया :**

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय उर्वरक पूल के स्थान पर एक स्वतंत्र केन्द्रीय उर्वरक विपणन निगम बनाने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ; और

(ग) इस निगम के मुख्य कार्य क्या होंगे ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण) :** (क) से (ग) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

### विवरण

वर्तमान केन्द्रीय उर्वरक पूल के स्थान पर एक केन्द्रीय उर्वरक विपणन निगम के स्थापित करने के प्रस्ताव पर पिछले कुछ समय तक विचार होता रहा है । भारत सरकार द्वारा हाल ही में स्थापित की गई एक विशेषज्ञ समिति अन्य मामलों के साथ-साथ उर्वरक के वितरण सम्बन्धी दीर्घकालीन तथा अल्पकालीन समस्याओं पर विचार कर रही है ताकि कृषि उत्पादन की वृद्धि हेतु उर्वरकों का तेज़ी से प्रयोग बढ़ाया जा सके और उर्वरकों के वितरण की प्रणाली को विकसित करने के लिए उपायों की सिफारिश की जा सके । उन की सिफारिशों की प्रतीक्षा की जा रही है ।

**Shri Yashpal Singh :** It appears from the statement that the problems concerning farmers, which are going on increasing, would remain as such so long as the recommendations of the committee are not received. What are the Government doing to solve their problems ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम) :** सिफारिशें मई के अन्त तक जल्दी मिल जयेंगी और जैसे ही सिफारिश प्राप्त होंगी हम यथाशीघ्र उन पर कार्यवाही करेंगे ।

**Shri Yashpal Singh :** Have the Government noticed that fertilisers are being dumped where there are no irrigation facilities with the result that even the seeds are wasted because of the withering of crops whereas fertilisers are not being made available where there are irrigation facilities ; and if so, what measures are being adopted to remove these difficulties ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** मेरे विचार में माननीय सदस्य की यह धारणा सही नहीं है कि उर्वरक वहां ज़बर्दस्ती दिया जा रहा है जहां इस की आवश्यकता नहीं है । हम उर्वरक वहीं देते हैं जहां उस की मांग होती है । तथ्य तो यह है कि हम देश की मांग को पूरा भी नहीं कर पा रहे हैं ।

**श्री बी० चं० शर्मा :** विवरण में यह बताया गया है कि विशेषज्ञ समिति उर्वरक के वितरण सम्बन्धी दीर्घ तथा अल्पकालीन समस्याओं पर विचार करेगी । दीर्घकालीन तथा अल्पकालीन समस्याओं में अन्तर क्या है ? मेरे विचार में अल्पकालीन समस्या दीर्घकालीन समस्या की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** दोनों समस्यायें ही महत्वपूर्ण हैं । अल्पकालीन समस्या यह है कि उर्वरकों की कमी है । दीर्घकालीन समस्या यह है कि हम बड़े पैमाने पर इसके उत्पादन की योजना बना रहे हैं जिस से हम चौथी योजना के अन्त तक मोटे तौर से 20 लाख टन नाइट्रोजन पूरक उर्वरकों का उत्पादन कर सकें । तब हमारी समस्यायें कुछ भिन्न होंगी । अब तो इस की जितनी मांग है उतना बाज़ार में नहीं मिलता है । अतः यह दो बातें हैं जिन का ध्यान रखना है ।

**श्री हिम्मतसिंहका :** क्या मंत्री जी यह जानते हैं कि आसाम को जितना उर्वरक दिया जाता है वह सब काले बज़ार में जाता है, और क्या सरकार इसको बन्द करने के लिये उचित कदम उठायेगी ?

**अध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्य ने जानकारी दी है और सुझाव भी ।

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** मैं इस को ध्यान में रखूंगा ।

**Shri Tulsidas Jadhav :** May I know the production of fertilisers in comparison to the requirements of our country ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** अनुमान है कि 1965–66 में मोटे तौर से 325,000 टन उत्पादन होगा । इसके अतिरिक्त हम 350,000 टन नाइट्रोजन के आयात का कार्यक्रम भी तैयार कर रहे हैं ।

**श्री सिंहासन सिंह :** मंत्री जी ने अभी बताया कि देश में लगभग 300,000 टन उत्पादन होगा और इतना ही बाहर से मंगाया जायेगा । परन्तु आयव्ययक सम्बन्धी मांग में यह आंकड़े दिखाये गये हैं कि देश में 289,000 टन उत्पादन होगा और 275,000 टन बाहर से आयात किया जायेगा । क्या मैं जान सकता हूं कि सही आंकड़े क्या हैं ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** ऐसा अनुमान लगाया गया है कि 1965–66 में आन्तरिक उत्पादन 3 लाख टन से कुछ अधिक होगा । लगभग 2.8 लाख अथवा 2.9 लाख टन आयात के लिये तो हम पहले ही बाध्य हैं । बाकी जो रह जाता है उसे भी आयात करने के लिये प्रबन्ध करना है । उसके लिये हमें बाद में अनुपूरक मांग प्रस्तुत करनी पड़ेगी ।

**श्री कपूर सिंह** : क्या सरकार का उर्वरकों को आयात करने में उदारता बरतने तथा किसानों को वह लागत मूल्य पर देने का विचार है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : मैं इस प्रश्न को नहीं समझ सका ।

**श्री कपूर सिंह** : मैं इसका सरल अर्थ बताऊंगा । जब आप उर्वरक बाहर से मंगाते हैं तो घरेलू उर्वरक में मिला देते हैं और फिर मूल्य निर्धारित करते हैं । परन्तु आयात किया हुआ उर्वरक जोकि सस्ता और अच्छा है, काफी नहीं होता है इसलिये क्या आपका विचार आयात में अधिक उदारता काम लेने और किसानों को उसे उसकी लागत के आधार पर देने का है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : अधिक आयात करने में दो कठिनाइयां हैं । पहली यह कि संसार की मण्डियों में उर्वरकों की कमी के कारण यह उपलब्ध नहीं है । परन्तु हम इसे अधिक से अधिक प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं जितना कि यह उपलब्ध हो सकता है । दूसरा, यदि यह मिल भी जाये तो विदेशी मुद्रा जुटाना एक अन्य बाधा है । परन्तु हम प्रयत्न कर रहे हैं कि कितना आयात करना हमारे लिए सम्भव होगा ।

**श्री बड़े** : विवरण में यह बताया गया है कि विशेषज्ञ समिति अन्य बातों के अलावा दीर्घ-कालीन तथा अल्पकालीन समस्याओं पर विचार कर रही है । वह अन्य बातें कौनसी हैं जिन पर विशेषज्ञ समिति विचार करेगी ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : विशेषज्ञ समिति मूल्यों के नियतन सम्बन्धी प्रश्न पर भी विचार करेगी जिससे सदस्यों का सम्बन्ध है । यह समिति उर्वरकों की बिक्री को प्रोत्साहन देने तथा कई अन्य बातों पर भी विचार करेगी ।

**श्री अ० प्र० जैन** : आयव्ययक पर व्याख्यात्मक ज्ञापन में, जो हमें तीन सप्ताह पहले दिया गया है, पृष्ठ 112 पर यह स्पष्ट रूप से बताया गया है कि देश में कुल 5. 75 लाख टन नाइट्रोजन पूरक उर्वरक उपलब्ध होगा जिसमें बाहर से मंगाया जाने वाला भी शामिल है । माननीय मंत्री ने आज सभा में बताया कि 6. 75 लाख टन उपलब्ध होगा । इन में सही आंकड़े कौन से हैं, और यदि व्याख्यात्मक ज्ञापन के प्रकाशन के पश्चात् इनमें कोई परिवर्तन किया गया है तो ऐसा कैसे किया गया है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : मैंने स्पष्ट रूप से बताया है कि उपलब्धता के बारे में हमारा लक्ष्य 6. 75 लाख टन का है । जैसा कि मैं ने पहले बताया है कि कुछ तो निश्चित आयात है और इस के अतिरिक्त आयात को बढ़ाने के लिये मूल साधनों की खोज कर रहे हैं जिससे कुल 6. 75 लाख टन उर्वरक उपलब्ध किया जा सके । यदि आवश्यक हुआ तो इस के लिये अनुपूरक अनुदान के लिये मांग प्रस्तुत की जायेगी ।

## अनाज की वसूली

+

**श्री प्रभात कार** :
**श्री इन्द्रजीत गुप्त** :
**श्री द्वा० ना० तिवारी** :

*524. **श्री विभूति मिश्र :**
**श्री क० ना० तिवारी :**
**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
**श्रीमती सावित्री निगम :**
**श्री जसवन्त मेहता :**
**श्री हेडा :**
**श्री रामचन्द्र उलाका :**
**श्री धुलेश्वर मीना :**
**श्री चाण्डक :**
**श्री प्र० चं० बरुआ :**
**श्रीमती रामदुलारी सिन्हा :**
**श्री दे० शि० पाटिल :**
**श्री तुलशीदास जाधव :**
**श्री मधु लिमये :**
**श्री राम सेवक यादव :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बीस लाख मीट्रिक टन चावल एकत्र करने की सरकार की योजना की प्रगति सन्तोषजनक है ; और

(ख) यदि हां; तो अब तक (राज्यवार) कुल कितना चावल प्राप्त किया जा चुका है और किस भाव पर ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण)** : (क) और (ख). सरकार की 19.5 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदने की योजना ने 15 मार्च, 1965 तक काफी संतोषजनक प्रगति की है। केन्द्रीय सरकार ने चालू फसल वर्ष में अपने आप या राज्य सरकारों के द्वारा चावल की निम्नलिखित मात्रा खरीदी :—

| राज्य | खरीदी गई मात्रा | मूल्य परिसर |
|---|---|---|
| | (आंकड़े हजार टनों में) | (रु० प्रति क्विंटल) |
| मध्य प्रदेश | 289 | 56.52 से 83.65 तक |
| पंजाब | 224 | 56.00 से 88.75 तक |
| आन्ध्र प्रदेश | 283 | 57.07 से 74.06 तक |
| उड़ीसा | 68 | 59.50 से 72.00 तक |
| मद्रास . . | —— | |
| जोड़ . . | 664 | |

**श्री प्रभात कार** : एक राज्य से दूसरे राज्य में मूल्यों में विभिन्नता के क्या कारण हैं ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : जिन राज्यों में यह फालतू होता है, वहां से इसे उन राज्यों में भेजना पड़ता है जिन में इस की कमी होती है। मूल्य एक स्थान से दूसरे स्थान की दूरी के आधार पर निर्धारित किया गया है अतः मूल्यों में कुछ विभिन्नता है। परन्तु मोटे अनाज के मूल्य सामान्यता 56 से 58 रुपये तक है।

**श्री प्रभात कार** : अनाज एकत्र करने के पश्चात् क्या इसको उन क्षेत्रों से, जहां यह फालतू होता है, अन्य स्थानों को, जिनमें इस की कमी है, भी भेजा जा रहा है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : जब भी हम अनाज एकत्र करते हैं, तभी उन क्षेत्रों में, जहां इसका वितरण करना होता है, भेज दिया जाता है।

**Shri D.N. Tiwary :** Is it not a fact that there has been less procurement on account of the fact that the payment was not made to the merchants and the farmers immediately ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : कौन से राज्य में ?

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : विशेषतया बिहार में।

**श्री चि० सुब्रण्यम** : बिहार में राज्य सरकार स्वयं खरीद कर रही है।

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : मेरा प्रश्न यह है कि क्या जितना चावल इकट्ठा करना था उतना नहीं किया जा सका क्योंकि किसानों तथा स्टाक रखने वालों को, जिनसे चावल खरीदा गया था, तत्काल भुगतान नहीं किया गया और इसलिये वे सरकार को अधिक चावल न दे सके ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : 19 लाख टन के लक्ष्य में से चावल एकत्र करने में प्रगति काफी संतोषजनक रही है। माननीय सदस्य ने प्रश्न इस आधार पर किया है कि यह संतोषजनक नहीं है।

**श्री रंगा** : आन्ध्र में जो मूल्य दिया जा रहा है वह बाजार भाव से बहुत कम है, इसके क्या कारण हैं। मूल्य जो दिया जाता है वह प्रायः बाजार भाव से 2 रुपये प्रति बोरी कम होता है ?

**श्री कपूर सिंह** : ऐसा सभी स्थानों पर है; पंजाब में भी।

**श्री चि० सुब्रह्मयम** : हमने न्यूनतम तथा अधिकतम मूल्य निर्धारित किये हैं। समाहार मूल्य बाजार भाव के अनुसार होता है। वास्तव में कुछ क्षेत्रों से ऐसी शिकायत मिली है कि वहां काफी खरीद नहीं की गई है। यह मूल्य लगभग संतोषजनक रहा है और इस बारे में कोई शिकायत नहीं आयी है।

**Shri D.N. Tewary :** Since the prices of other things are high and the prices of rice and other things have not been fixed on any scientific basis, the procurement target is not, therefore, being achieved. Are the Government considering to fix the integrated prices for it as soon as possible ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : इसी लिये तो कृषि सम्बन्धी मूल्य आयोग की नियुक्ति की गई है। मैं मानता हूं कि पिछले मौसम में झा समिति ने मूल्य तदर्थ आधार पर नियत किये थे। परन्तु हमें उस समय कुछ निर्णय लेना पड़ा था। मुझे आशा है कि कृषि सम्बन्धी मूल्य आयोग द्वारा किये जाने वाले अधिक वैज्ञानिक हिसाब से हम अच्छा मूल्य दे सकेंगे।

**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :** अनाज की वसूली में शीघ्रता लाने के लिये स्थापित किये गये निगम की शाखाओं को अनाज एकत्र करने के लिये क्या सभी राज्यों में खोला जायेगा बजाय इसके कि राज्य एजेंसियों द्वारा इकट्ठे किये हुए अनाज को प्राप्त किया जाये।

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** अभी खाद्य निगम आन्ध्र प्रदेश और मद्रास में प्राप्त किये गये चावल को पहली अप्रैल से ले रहा है। मैसूर में किसानों से चावल और धान निगम स्वयं खरीद कर रहा है। इस निगम की गतिविधियों को अन्य राज्यों में चालू करने का प्रश्न विचाराधीन है।

**श्रीमती सावित्री निगम :** क्या माननीय मंत्री यह जानते हैं कि राज्यों के लिये माल डिब्बों के आवंटन के बारे में खाद्य मंत्रालय की त्रुटिपूर्ण नीति और अन्य राज्यों में अनाज ले जाने वाले माल डिब्बों को श्रेणी 'क' और श्रेणी 'ख' में बांटने से विभिन्न छोटे स्टेशनों पर काफी अनाज इकट्ठा हो गया है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** मैं वास्तव में प्रश्न नहीं समझ सका।

**अध्यक्ष महोदय :** यह बहुत लम्बा था और इसलिये मैं भी नहीं समझ सका।

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** यदि यह प्रश्न अनाज के परिवहन को प्राथमिकता देने के बारे में है तो मैं सभा को विश्वास दिला सकता हूं कि रेलवे मंत्री अनाज के परिवहन को उच्च प्राथमिकता दे रहे हैं।

**Shri Tulshidas Jadhav:** The Government loan is recovered from the farmers when procurement of foodgrains is made as a result of this they do not bring their foodgrains there and thus there is difficulty in procurement. Are the Government aware of it ?

**Shri D.R. Chavan:** There is no such news.

**श्री बड़े :** क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में छतीसगढ़ का चावल आन्ध्र प्रदेश के चावल से कहीं बढ़िया है जबकि वहां पर मूल्य जो दिया जाता है वह 63 रुपये है और अन्य स्थानों पर मूल्य 75 रुपये है जिसके फलस्वरूप मध्य प्रदेश से अनाज की वसूली को जो प्रोत्साहन दिया गया है वह अच्छा नहीं है; यदि हां, तो क्या सरकार मूल्य का पुनरीक्षण करने के बारे में विचार कर रही है ?

**अध्यक्ष महोदय :** पूर्वगृहीत तथा प्रकल्पना करने की इजाजत नहीं है। माननीय सदस्य ने यह "प्रकल्पना की है कि मध्य प्रदेश का चावल बढ़िया है। श्री रंगा इस दावे का प्रतिरोध करते है।

**श्री उ० मू० त्रिवेदी :** श्री रंगा ने हमारा चावल खा के नहीं देखा है।

**श्री बड़े :** क्या सरकार मध्य प्रदेश से अधिक अनाज प्राप्त करने के लिये मूल्य का पुनरीक्षण करने जा रही है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** हम अभी मूल्य का पुनरीक्षण नहीं करना चाहते हैं, आगामी मौसम से हम कृषि सम्बन्धी आयोग की सिफारिशों का अनुसरण करेंगे।

**श्री दाजी :** अब मूल्य प्राप्ति-स्थान से पड़ौसी राज्य के बीच दूरी के आधार पर निर्धारित किया जाता है। क्या सरकार यह नहीं समझती कि एक ऐसा आधार होना चाहिये जिससे किसानों पर प्रभाव पड़े क्योंकि किसानों को इससे कोई मतलब नहीं कि आप उसे कहां बेचते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इस सारे आधार को बदलने तथा मूल्य को खेती के लाभ अलाभ के आधार पर निर्धारित करने को वांछनीय नहीं समझती है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : कृषि सम्बन्धी आयोग शायद इसी आधार पर ही विचार करेगा ।

**डा० पं० शा० देशमुख** : समहृत चावल में से क्या कुछ चावल बेचा भी गया है अथवा बेचे जाने की सम्भावना है; यदि हां, तो इसको बेचने के लिये अधिकतम मूल्य क्या होगा ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : समहृत चावल उपभोक्ता क्षेत्रों में पहले ही भेजा जा रहा है; उदाहरणार्थ आन्ध्र से प्राप्त किया गया चावल केरल भेजा जा रहा है । केरल में मूल्य परिवहन तथा अन्य आकस्मिक खर्चे को ध्यान में रख कर निर्धारित किये गये हैं । विभिन्न उपभोक्ता क्षेत्रों तथा प्राप्ति स्थानों में मूल्य इसी आधार पर निर्धारित किये गये हैं ।

**अध्यक्ष महोदय** : अगला प्रश्न--श्रीमती सावित्री निगम ।

**डा० मा० श्री० अणे** : केरल और अन्य स्थानों पर इसे किस भाव पर बेचा जाता है ?

**डा० पं० शा० देशमुख** : समाहार मूल्य तथा बिक्री मूल्य में क्या अन्तर है ?

**श्री रंगा** : क्या इसमें कोई लाभ का तत्व भी है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : इसमें लाभ का कोई तत्व नहीं है; वास्तव में हमें इसमें हानि उठानी पड़ती है ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने अगले प्रश्न के लिये कहा है और मंत्री जी अभी पुराने प्रश्न का ही उत्तर दे रहे हैं ।

### गन्ने का अग्रिम ठेका

*525. **श्रीमती सावित्री निगम** :
**श्री हिम्मतसिंहका** :
**श्री रामेश्वर टांटिया** :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गन्ने की उपलब्धि सुनिश्चित करने के लिए गन्ने की खरीद का अग्रिम ठेका करने की प्रक्रिया अपनाने का फैसला किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में आगे क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण)** : (क) और (ख). शर्करा कारखानों को गन्ने की सप्लाई का काम राज्य सरकारों द्वारा देखा जाता है । उनसे प्राप्त सूचना के अनुसार, केवल आन्ध्र प्रदेश ने आन्ध्र प्रदेश (सप्लाई और क्रय विनियम) अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत बुवाई के समय अग्रिम ठेका करने की प्रक्रिया अपनाई है । अन्य राज्य सरकारों ने या तो इस प्रक्रिया को कार्यान्वित करना आवश्यक नहीं समझा या कठिन पाया ।

**श्रीमती सावित्री निगम** : इस नई योजना के अन्तर्गत किसानों को क्या लाभ होगा ? क्या उत्तर प्रदेश तथा बिहार को, जहां अनियमित रूप से गन्ना मिलने के कारण कई मिलें बन्द करनी पड़ी हैं, यह योजना चालू करने के लिये कहा गया है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : जी, नहीं। उत्तर प्रदेश सरकार के पास ऐसी कोई योजना नहीं है। परन्तु उन्होंने कारखाना क्षेत्र में गन्ने के उपयोग को उस क्षेत्र में गुड़ और खण्डसारी के उत्पादन को विनियमित करके नियंत्रित किया है।

**श्रीमती सावित्री निगम** : आन्ध्र प्रदेश में चालू की गई योजना की मुख्य मुख्य बातें क्या हैं? क्या इस योजना से किसानों को लाभ होगा अथवा इससे केवल मिलमालिकों को ही लाभ होगा?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : यह योजना उनके आपसी लाभ के लिये है। वास्तव में उन्होंने इससे पहले ही एक समझौता कर लिया था कि वे गन्ने की कुछ मात्रा जिसका वे उत्पादन करेंगे, कारखानों को देंगे। इससे उन्हें न्यूनतम मूल्य देने का आश्वासन दिया गया है। कई मामलों में तो वे बीज और उर्वरक खरीदने के लिये कारखानों से पेशगियां भी लेते हैं। अतः आन्ध्र प्रदेश में यह योजना सामान्यता दोनों के लिये लाभकारी सिद्ध हुई है।

**श्रीमती रामदुलारी सिन्हा** : क्या उत्तर प्रदेश तथा बिहार की तरह वहां पर भी गन्ने के क्षेत्रों को रक्षित, निर्दिष्ट तथा अबाध क्षेत्रों में अंकित करने का कोई विचार है?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : जी हां, विभिन्न क्षेत्रों को विभिन्न चीनी कारखानों को निर्दिष्ट करने की योजना है। गन्ना इस आधार पर उपलब्ध किया जा रहा है।

**Shri Gulshan :** Are the Government aware that there has been lot of increase in the price of *khandsari*, if so, whether Government are considering to enhance the rate of sugarcane also ?

**श्री दा० रा० चव्हाण** : यह मुख्य प्रश्न से नहीं उठता है। वास्तव में खण्डसारी की कीमतें कम होती जा रही हैं।

**Shri Yashpal Singh :** Would this scheme remove the difficulty of the farmer ? At present the position is this that payment is not made to him even after one year. In case of advance bonding, whether advance would also be given to the farmer ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : कुछ मामलों में तो उन्हें इस प्रयोजन के लिये अग्रिम भुगतान किया जाता है जिससे वे गन्ना तत्परता से देते रहें।

**श्री शिवनंजप्पा** : क्या सरकार का विचार एक आदर्श प्रोफार्मा बनाने का है जिससे प्रबन्धकों तथा गन्ना उत्पादकों के बीच सांविधिक दायित्व द्विपक्षीय हों?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : जी, हां; आन्ध्र प्रदेश से एक ऐसा समझौता किया गया है। यह समझौता इस प्रबन्ध के आधार पर ही किया गया है।

**Shri Sheo Narain :** May I know whether certain mills in Eastern U.P. have not so far paid arrears to the farmers and the Government propose to demarcate the factory area. The goods of the farmer are taken by the Government and they do not get payment. What arrangements are being made by the Government in regard thereto ? I am specifically referring to the Mundarva Mill.

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : मुझे इसकी जानकारी नहीं है कि किसी चीनी कारखाने ने कोई भुगतान नहीं किया। यदि किसी ने भुगतान नहीं किया तो इस मामले को राज्य सरकार से उठाया जा सकता है।

**श्री रेड्डियार** : क्या यह सच है कि मद्रास में वे इस प्रणाली का अनुसरण करते रहे हैं ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : मद्रास के कुछ क्षेत्रों में वे इसका अनुसरण करते रहे हैं परन्तु वे समूचे राज्य में इसका अनुसरण नहीं करते रहे हैं।

**डा० मा० श्री अणे** : छत्तीसगढ़ क्षेत्र से कितना चावल एकत्र किया गया और इसमें से कितना पड़ोसी राज्य विदर्भ में खपत के लिये भेजा गया ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : मुख्य प्रश्न गन्ने के बारे में है। इसका सम्बन्ध पिछले प्रश्न से है।

**श्री रंगा** : क्या सरकार का विचार बिहार तथा उत्तर प्रदेश को मनाने का है कि वे भी आन्ध्र प्रदेश की प्रणाली को अपनायें जो आपसी लाभ के लिये है ? किसानों को उत्पादन से पहले ऋण मिल जाता है और मिलों को कम से कम गन्ना मिलने का आश्वासन मिल जाता है।

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : सभी राज्य सरकारों का ध्यान इस योजना की ओर दिलाया गया है। यदि यह दोनों के लिये लाभकारी सिद्ध होगी तो हम अन्य राज्यों को भी इस योजना को अपनाने के लिये कहेंगे।

## खाद्यान्नों का आयात

+

*526. **श्री स० चं० सामन्त** :
**श्री म० ला० द्विवेदी** :
**श्री यशपाल सिंह** :
**श्री रा० स० तिवारी** :
**श्री हुकम चन्द कछवाय** :
**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** :
**श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती** :
**श्री प्रभात कार** :
**श्री इन्द्रजीत गुप्त** :
**श्री जं० ब० सिंह** :
**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती** :
**श्री भागवत झा आजाद** :
**श्री जसवन्त मेहता** :
**श्री बड़े** :
**श्री ओंकार लाल बेरवा** :
**श्री दलजीत सिंह** :
**श्री हेडा** :
**श्री रामचन्द्र उलाका** :
**श्री धुलेश्वर मीना** :
**श्री प्र० के० देव** :

**श्रीमती राम दुलारी सिन्हा :**
**श्री प्र० चं० बरुआ :**
**श्री मलाइछामी :**
**श्री दे० शि० पाटिल :**
**श्री तुलशीदास जाधव :**
**श्री कोया :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आगामी वित्तीय वर्ष 1965–66 में विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों के आयात की अनुमानित आवश्यकता किस आधार पर निर्धारित की गई है;

(ख) उपरोक्त वर्ष में खाद्यान्नों के उत्पादन के अनुमानित आंकड़े क्या हैं और देश की आवश्यकता की अपेक्षा उत्पादन में अनुमानतः कितनी कमी रहेगी;

(ग) किन किन देशों से कितना कितना खाद्यान्न आयात किया जायेगा; और

(घ) क्या सरकार ने खाद्यान्न का सस्ते दरों पर वितरण करने का कोई त्रुटिहीन तरीका निकाला है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण) :** (क) 1965–66 में खाद्यान्नों के आयात का कार्यक्रम (1) सरकारी स्टाक से वितरण की अनुमानित आवश्यताओं (2) समीकरण भण्डार तैयार करने की आवश्यकताओं और (3) विदेशी मुद्रा की सुलभता और विदेशी मंडियों में प्राप्यता को ध्यान में रख कर तैयार किया जा रहा है।

(ख) 1965–66 में खाद्यान्नों की उपज के आंकड़ों का अभी कोई अनुमान देना बहुत ही जल्दी होगा क्योंकि इस समय खरीफ की फसल की बुआई तक नहीं हुई है। देश की खाद्यान्न सम्बन्धी आवश्यकताओं का ठीक ठीक अनुमान लगाना भी कठिन है क्योंकि मांग अनेक तत्वों पर निर्भर करती है जिसमें से कुछेक का सही सही अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

(ग) गेहूं का आयात अधिकांशतः संयुक्त राज्य अमेरिका, आस्ट्रेलिया और कनाडा और चावल का आयात संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों और संयुक्त अरब गणराज्य से किया जाएगा। इस समय ठीक-ठीक अनुमान लगाना कठिन है कि प्रत्येक देश से खाद्यान्नों की कितनी कितनी मात्रा आयात की जा सकेगी।

(घ) वितरण की कोई पद्धति पूर्ण नहीं कही जा सकती है। वर्तमान पद्धति का उद्देश्य, यथा सम्भव, समान रूप से, उचित मूल्यों पर खाद्यान्नों के वितरण करने की व्यवथा करनी है।

**श्री स० चं० सामन्त :** हम समीकरण भण्डार के लिये कितना अनाज इकट्ठा कर सके हैं अथवा अभी करना है ?

**श्री दा० रा० चव्हाण :** हमारा उदेश्य कई वर्षों में ४० लाख टन गेहूं तथा २० लाख टन चावल का समीकरण भण्डार रखना चाहते हैं।

**श्री स० चं० सामन्त :** क्या यह सच नहीं है कि उन देशों ने, जिनसे हम ने पिछले वर्ष अनाज आयात किया था, हमें सूचित किया है कि वे किसी वचन का पालन नहीं कर सकेंगे ?

**श्री दा० रा० चव्हाण** : यह सही नहीं है ।

**Shri Yashpal Singh :** Are the Government in a position to tell us the date by which our country would become self-sufficient in respect of foodgrains and we would not have to depend upon other countries for it ?

**Shri D. R. Chavan :** It is very difficulty to say about it at present.

**Shri R. S. Tewary :** May I know the prices which would be fixed for the rabi crops ?

**Shri D. R. Chavan :** The producers prices of rabi crops have already been fixed and every State has been asked to announce them. The prices which have been fixed are : red variety Rs. 45.50, white variety Rs. 49.50 and superior variety Rs. 53.50.

**Shri Rameswaranand :** Last year wheat was sent to Bombay, Calcutta etc. from Punjab, whereas imported wheat was supplied to Punjab when there was shortage. Will the Government see that only that quantities of foodgrains it is sent outside, which is surplus to the requirements of an area from which is sent because by not doing so the dearness increases and as such the requirements of that area should be met from the foodgrains available in that area ?

**Shri D. R. Chavan :** The Government would take case of it.

**श्री प्रभात कार** : इस वर्ष आशातीत फसल की दृष्टि से आयात में कितनी कमी की जायेगी अथवा क्या आशातीत फसल के बावजूद भी आयात की जाने वाली मात्रा में कमी नहीं की जायेगी क्योंकि इस बारे में हम ने पहले ही समझौता कर रखा है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : वास्तव में आगामी वर्ष के लिये हम ने अभी समझौता नहीं किया । आयात में कमी करने का विचार नहीं है क्योंकि हम समीकरण भण्डार रखना चाहते हैं ।

**श्री बड़े** : मख्य प्रश्न के भाग (घ) के उत्तर में कहा गया है कि वितरण की कोई त्रुटि रहित पद्धति नहीं है । प्रत्येक राज्य के लिये एक उचित पद्धति बनाने में क्या कठिनाई है ? मंत्री जी ने अभी तक कोई योजना नहीं बनाई है, इसमें कठिनाई क्या है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : केवल यह कहा गया है कि वितरण की कोई त्रुटिरहित पद्धति नहीं हो सकती । वर्तमान परिस्थितियों के अन्तर्गत हम बहुत ही अच्छी पद्धति बनाने का प्रयत्न करेंगे । हम ने विभिन्न राज्यों के लिये पद्धति बनाई है ।

**Shri Onkar Lal Berwa :** With the arrival of the imported wheat the price of indigenous wheat has gone up. Do the Government propose to reduce the price of the imported wheat on arrival of new crops ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : आयात किये हुए गहूं के मूल्य के घटाने का अभी कोई विचार नहीं है ।

**श्रीमती रामदुलारी सिन्हा** : क्या में जान सकती हूं कि सहकारी समितियों द्वारा कितने अनाज के वितरण करने का विचार है ?

**श्री दा० रा० चव्हाण :** अनाज का वितरण उचित मूल्य वाली दुकानों द्वारा किया जता है ।

**डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :** क्या सरकार यह बताने की स्थिति में है कि क्या आयात किये हुए अनाज के लिये भुगतान विदेशी मुद्रा अथवा भारतीय मुद्रा में किया जाता है। पी० एल० 480 के अन्तर्गत निधि का भुगतान कैसे किया जाता है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** उस समझौते की एक प्रति सभा पटल पर पहले ही रख दी गई है अतः माननीय सदस्य उसमें देखें।

**डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :** क्या विभिन्न देशों मे आयात किये हुए गहूं के लिये भुगतान रुपयों में किया जाता है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** अन्य देशों से आयात या तो वस्तु-विनिमय के आधार पर अथवा विदेशी मुद्रा में भुगतान के आधार पर किया जाता है।

**Shri Tulshidas Jadhav :** There is shortage of foodgrains in the country ; although cultivators produce it, but there is more distribution of foodgrains in cities rather than in villages. By making less supplies to the producers, how could the production of foodgrains be increased in the country ? After all, why less supplies are made to them ; and will the Government rectify the defects in the distribution system ?

**श्री दा० रा० चव्हाण :** अनाज का वितरण करना राज्य सरकारों का उत्तरदायित्व है और वे ही देहाती तथा शहरी क्षेत्रों के बीच इसका वितरण करते हैं।

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** इसको भी घ्यान में रखना पड़ेगा कि उत्पादन देहाती क्षत्रों म होता है और अनाज देहाती क्षत्रों में ही उपलब्ध है। शहरी क्षेत्रों को तो उस पर निर्भर करना पड़ेगा जो कुछ देहाती क्षत्रों से आयेगा। इसीलिये तो देहाती क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षत्रों में कुछ अधिक अनाज का वितरण करना पड़ता है।

**Shri Tulshidas Jadhav :** That is a wrong thing.

**Mr. Speaker :** Order, order. Even if it is wrong it cannot be corrected through quarrelling.

**श्री पु० र० पटेल :** क्या सरकार जानती है कि पशु-खाद्य के मूल्य आयात किये हुए गेहूं के मूल्य से भी अधिक हैं और देश में आयात किये हुए गहूं का उपयोग पशु-खाद्य के रूप में किया जाता है; और यदि हां, तो सरकार पशु-खाद्य के लिये कब तक गहूं का आयात करती रहेगी ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** मेरे विचार में पशु-खाद्य के लिये गेहूं का उपयोग नहीं किया जा रहा है और मझे ऐसा बताया गया है कि सामान्यता पशु-खाद्य के रूप में गेहूं का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

**श्री पु० र० पटेल :** मेरे माननीय मित्र को ऐसा किसने बताया है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** ऐसा ही मुझे बताया गया है।

**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न काल में हम तर्क अथवा एक दूसरे के विचारों का खंडन नहीं कर सकते हैं।

**अनाज के रूप में लगान**

*527. { श्री यशपाल सिंह :
श्री भागवत झा आजाद
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री रामेश्वर टांटिया : }

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किसी राज्य सरकार ने किसानों से लगान तथा अन्य प्रकार के ऋण अनाज के रूप में वसूल करने का फैसला किया है;

(ख) यदि हां, तो उन राज्यों के नाम क्या हैं; और

(ग) इस प्रयोग का क्या परिणाम निकला ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चह्वाण)** : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते ।

**Shri Yashpal Singh :** Are those State Governments that had submitted such proposals, have been asked as to whether the farmers would get relief by it or their difficulty would increase by it ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : अभी केवल मैसूर ने ही एसा करना स्वीकार किया है और हम ने उन्हें एसा प्रयोग करने की अनुज्ञा दी है। परन्तु वे भी भू-राजस्व को अनाज के रूप में इकट्ठा करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं।

**Shri Yashpal Singh :** Though the grains are ready with farmers but they are unable to sell it till three months. and it is not proper to ask them, at that time, for payment of land revenue. It should, rather, be collected after his crop is disposed of. Have the Government formulated any scheme for this purpose that they should not be asked to pay the land revenue so long as their grains are not disposed of ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** इस मामले का निर्णय करना राज्य सरकारों का काम है। हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

**श्रीमती सावित्री निगम** : क्या मैं जान सकती हूं कि मैसूर राज्य को कौनसी यथार्थ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ? क्या केन्द्रीय सरकार इस योजना की क्रियान्विति में उनकी सहायता कर रही है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : प्रश्न यह है कि हमें प्रत्येक किसान के सम्बन्ध में खरीद करने वाली एक एजेंसी स्थापित करनी पड़ेगी तथा हमें अनाज की श्रेणी निर्धारित करनी पड़ेगी और उसके आधार पर मूल्य निर्धारित करना पड़ेगा। किसानों से अनाज इकट्ठा करने का यह कार्य करना एक सरकारी एजेंसी के लिये लगभग असम्भव ही होगा।

**Shri R. S. Tewari :** The farmers are very much in debt and they want to pay back their loans in the form of grains. But the Government do not take it from them with the result they have to suffer losses because they have, first, to sell their grains to the merchants and then make payments to the Government after getting money from them. May I know as to why the Government do not collect grains from them directly ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : जी, हां, इसीलिये तो हम आलंब मूल्य निर्धारित कर रहे हैं जिससे मूल्य एक निश्चित स्तर से नीचे न जा सकें। इसके अतिरिक्त सरकार खाद्य निगम संगठन को सारे देश में फैलाना चाहती है जिससे कोई भी व्यापारी फसलोत्तर मौसम में उत्पादक का शोषण नहीं कर सकेगा ।

**Shri Jagdev Singh Siddhanti :** In the olden times, taxes were realised in the form not only of grains but in the form of all the commodities which were then produced. This system was always beneficial. Will the Government consider to collect taxes in the form of grains in accordance with that old system?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : एक समय था जब इस प्रणाली को बिल्कुल लुप्तप्रयोग समझा गया था और इसी लिये ही तो हमने अनाज के रूप में कर लेने की प्रणाली को बदल दिया था। अब मेरे विचार में इस मूल प्रणाली को पुनः अपनाना सम्भव नहीं है।

**कृषकों की उर्वरकों के प्रति अरुचि**

+

*528.
**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
**श्री प्र० चं० बरुआ :**
**श्री सुधांशु दास :**
**श्री यशपाल सिंह :**
**श्री स० मो० बनर्जी :**
**श्री भागवत झा आजाद**
**श्रीमती सावित्री निगम**
**श्री रा० गि० दुबे :**
**श्री सुबोध हंसदा :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**श्री दी० चं० शर्मा :**
**श्री विभूति मिश्र :**
**श्री प्र० के० देव :**
**श्री कपूर सिंह :**
**श्री प्र० कु० घोष :**
**श्री रामचन्द्र उलाका :**
**श्री धुलेश्वर मीना :**
**श्री महेश्वर नायक :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसन्धान परिषद् द्वारा हाल में किये गये

अध्ययन से पता चला है कि अभी भी कृषकों में उर्वरकों का प्रयोग करने की रुचि पैदा नहीं हुई है :

(ख) यह बात कहां तक सच है कि उर्वरकों के संकुचित उपयोग के लिए अधिक मूल्य असंतोषजनक ऋण व्यवस्था तथा वितरण व्यवस्था काफी उत्तरदायी हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि भारतीय परिस्थितियों में उर्वरकों का प्रयोग करने में कुछ जोखिम हैं जिनके कारण किसान परम्परागत खादों का प्रयोग नहीं छोड़ना चाहते हैं; और

(घ) सरकार ने राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसन्धान परिषद् की उपपत्तियों पर क्या कार्यवाही की है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण) :** (क) से (घ) रिपोर्ट पर सरकार द्वारा अध्ययन हो रहा है।

**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :** क्या सरकार ने इस बात को नोट किया है कि उन जिलों में जहां उर्वरकों की मांग 100 प्रतिशत थी, वहां भी किसान इसका निरंतर उपयोग नहीं करना चाहते ? इस प्रसंग में क्या सरकार उर्वरकों के निरंतर उपयोग के बारे में किसानों में रुचि उत्पन्न करने के लिये उपाय करना चाहती है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम) :** वर्तमान स्थिति यह है कि हम मांग को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अतः ऐसी कोई बात नहीं है कि किसान हिचकिचा रहे हैं। इसमें बाधा तो यह है कि हम उपेक्षित उर्वरक नहीं दे पा रहे हैं।

**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :** क्या सरकार ने अध्ययन दल की इस सिफारिश पर भी विचार किया है कि फसल बीमा योजना तथा किसान को मूल्य की गारंटी देने के बारे में जल्द निर्णय होना चाहिये ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** जहां तक फसल के बीमे का सम्बन्ध है हमने पंजाब में एक प्रमुख परियोजना के लिये प्रयत्न कर रहे हैं और उससे प्राप्त अनुभवों के आधार पर इसको अन्य क्षेत्रों में लागू किया जा सकेगा।

**Shri Yashpal Singh:** It was stated in this honourable house that fertilisers are purchased from America @ Rs. 250/- per ton and they are supplied to farmers @ Rs. 400/- per ton. Have the Government considered to reduce the above difference in prices and to supply fertiliser to farmers at less price ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** मैंने पहले ही बता दिया है कि उर्वरक उद्योग के विभिन्न पहलुओं-मूल्य निर्धारण, वितरण तथा उत्पादन---पर विचार करने के लिये एक समिति नियुक्त की गई है। उसकी रिपोर्ट मई के अन्त तक उपलब्ध हो जायेगी और तब इन सब बातों पर विचार किया जायेगा।

**श्रीमती सावित्री निगम :** विभिन्न शिकायतों की, कि फसलें नष्ट हो गई हैं क्योंकि जिस विशेष प्रकार की मिट्टी के लिये उर्वरक प्रयोग किया गया था वह उसके लिये उपयुक्त नहीं था, दृष्टि से सरकार मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालायें खोलने के लिये क्या कार्यवाही कर रही है जिससे किसानों को पता चल सके कि किस प्रकार की मिट्टी के लिये किस प्रकार का उर्वरक उपयुक्त है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : चौथी योजना में हम मिट्टी का एक व्यापक सर्वेक्षण करना चाहते हैं। हम इस वर्ष में काफी प्रयोगशालायें स्थापित करने के प्रयोजन के लिये पहले ही अग्रिम कार्यवाही कर रहे हैं ।

**श्री स० चं० सामन्त** : माननीय मंत्री ने यह माना है कि देश में उर्वरक की कमी है। क्या जो उपलब्ध मात्रा है उसका राज्यों में उचित रूप से वितरण किया जा रहा है जिससे प्रत्येक किसान में उर्वरकों का प्रयोग करने की रुचि पैदा हो सकें ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : इस के लिये सभी प्रयत्न किये जा रहे हैं।

**श्री दी० चं० शर्मा** : क्या सरकार को इस बात का पता है कि भारत के लगभग सभी राज्यों में उर्वरकों की विवरण प्रणाली इतनी दोषपूर्ण है कि उर्वरक चोरबाजार में पहुंच जाते हैं और इनको अवैध रूप से शराब बनाने के काम में प्रयोग किया जाता है और उन कार्यों में इनको इस्तेमाल किया जाता है जिनमें ये इस्तेमाल नहीं किए जाने चाहिएं ? क्या मैं जान सकता हूं कि सरकार उर्वरकों के वितरण से सम्बन्धित इन बुराईयों को दूर करने के लिए क्या उपाय करेगी?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : मैंने अभी बताया है कि एक समिति नियुक्त की गयी है और वह विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रही है। इसका मुझे पता नहीं है कि क्या इसका अवैध शराब बनाने में भी इस्तेमाल हो रहा है। यदि ऐसा है तो इस बात पर भी विचार किया जाएगा । हमें इस समिति के प्रतिवेदन की इन्तजार करनी चाहिए ।

**श्री कपूर सिंह** : क्या सरकार को पता है कि किसान लोग उर्वरकों का इसलिए इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं क्योंकि सरकारी और अर्ध-सरकारी अभिकरणों द्वारा संभरित किये जा रहे उर्वरकों में बड़े पैमाने पर मिलावट होती है ; यदि हां, तो सरकार इस बारे में क्या कार्यवाही करेगी?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : मैं नहीं समझता कि माननीय सदस्य ने यह निष्कर्ष सही निकाला है ।

**श्री कपूर सिंह** : मुझे स्वयं इसका पता है। मैं भी एक किसान हूं :

**अध्यक्ष महोदय** : मुझे दोनों माननीय सदस्यों पर विश्वास करना पड़ता है। मैं क्या करूं ।

**श्री हेम बरुआ** : जब कि किसानों में उर्वरकों के प्रति रुचि बिजली और प्रेम के समान पैदा की जा सकती है, क्या मैं जान सकता हूं कि सरकार ने अब तक किसानों में उर्वरकों के इस्तेमाल के प्रति रुचि पैदा करने में क्या कदम उठाए हैं ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : हम केवल लोगों में उर्वरकों के इस्तेमाल के प्रति रुचि पैदा ही नहीं कर रहे हैं बल्कि इसमें काफी रुचि पैदा हो गयी है। जैसा मैं बता चुका हूं कमी संभरण की है, किसानों की नहीं ।

**Shri Rameshwaranand :** The fertilisers supplied by the Government require plenty of water and several times it happens that crops fail for want of water. The dung manure requires comparatively less water. Are the Government considering to increase the supply of dung manure ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : परम्परागत खाद जैसे गोबर की खाद, हरी खाद और अन्य खाद किसान लोग स्वयं तैयार कर सकते हैं।

**Shri Rameshwaranand :** Are Government also cooperating with them ?

**Mr. Speaker :** Please see that cows give more dung.

**Shri Sarjoo Pande :** I want to know whether complaints have been received from U.P. that farmers are forcibly given fertilisers and generally fertilisers are supplied to such farmers who do not need it and whether Government would appoint Committees at the district level so as to see that fertilisers are supplied to only those fertilisers who actually need it.

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : यह एक सुझाव है जो मैं उत्तर प्रदेश सरकार को भेज दूंगा।

**अनाज के उठवाने के काम का विभागीकरण**

+

*529. { **श्री हिम्मतसिंहका :**
**श्री प्र० चं० बरुआ :**
**श्री रामेश्वर टांटिया :** }

क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री 15 दिसम्बर, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 526 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि कलकत्ता में अनाज के उठवाने के काम का विभागीकरण करने के प्रश्न पर सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण)** : यह निर्णय किया गया कि कलकत्ते में अनाज उठवाने के काम का विभागीकरण स्टेजों में धीरे धीरे किया जाए। प्रारम्भ में एक घाट पर निकासी के लिये अनाज को मैरिन लेग के द्वारा उठवाने के प्रबन्ध किये जायेंगे। आशा है कि मैरिन लेग आगामी कुछ सप्ताहों में कार्य करने लगेगा।

**श्री हिम्मतसिंहका** : क्या सरकार को पता है कि जहाजों से गोदामों तक अनाज ले जाने में काफी अनाज गलत जगह डाल दिया जाता है और यदि हां, तो क्या सरकार इस बारे में कोई उचित कदम उठाएगी ?

**श्री दा० रा० चव्हाण** : इसी कारण तो कलकत्ता में यह मैरिन लेग लगाया जा रहा है जहां अनाज जहाज से सीधा गोदामों में ले जाया जाएगा।

**श्रीमती सावित्री निगम** : उन स्वचालित मशीनों का क्या हुआ जो इस काम के लिए कलकत्ता पत्तन पर लगायी जाने वाली थीं ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : इस समय ये मशीनें बम्बई और कांडला पत्तनों पर लगायी जा रही हैं।

**Movement of Food-grains**

*530. { **Shri D. C. Sharma :**
**Shri Sidheshwar Prasad :**
**Shri P. C. Borooah :**
**Shri P. R. Chakraverti :**
**Shrimati Savitri Nigam :** }

**Shri A. N. Vidyalankar :**
**Shri Yashpal Singh :**
**Shri Bibhuti Mishra :**
**Shri Kolla Venkaiah :**
**Shri P. L. Barupal :**
**Shri Sham Lal Saraf :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(*a*) whether it is a fact that rules and regulations in regard to the movement and price control of foodgrains have not been enforced effectively by the States ;

(*b*) if so, the reasons therefor ; and

(*c*) the steps being taken to make the said rules effective ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण)** : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठते।

**श्री दी० चं० शर्मा** : क्या मैं जान सकता हूं कि आजकल खाद्यान्नों के लाने ले जाने के लिए कौन से नियम तथा विनियम लागू हैं ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : चावल के सम्बन्ध में हर राज्य एक क्षेत्र है और एक राज्य से दूसरे राज्य में चावल केवल सरकारी परमिट पर ही ले जाया जा सकता है। और केवल सरकार ही चावल ले जा सकती है। यह एक प्रमुख बात है। गेहूं के बारे में भी अब एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाया जा सकता है, पंजाब के अतिरिक्त, क्षेत्रीय तौर पर लाने ले जाने को जम्मू तथा काश्मीर और हिमाचल प्रदेश से सम्बद्ध किया जा रहा है। अतः वहां भी गेहूं का लाना ले जाना सरकार के अधिकार पर या केवल सरकारी आधार पर, एक राज्य से दूसरे राज्य में हो सकता है।

**श्री दी० चं० शर्मा** : सरकार की मूल्य नियन्त्रण व्यवस्था में कुछ कमियों की बात हो रही है। क्या मैं जान सकता हूं कि क्या मूल्य नियन्त्रण व्यवस्था की किसी त्रुटि को दूर किया गया है और यदि नहीं तो उन्हें कब दूर किया जाएगा ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : जहां तक मूल्य नियन्त्रण का सम्बन्ध है, अब यह केवल धान और चावल पर है और यह लगभग सन्तोषजनक रूप से चल रहा है।

**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती** : क्या सरकार ने इन दोनों पहलुओं पर विचार कर लिया है अर्थात् क्षेत्रीय व्यवस्था को जारी रखना और इस व्यवस्था को समाप्त करने के लिये कोई दीर्घ-कालीन योजना, यदि कोई है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : दीर्घ-कालीन योजना क्षेत्र रखने की नहीं है बल्कि देश को एक इकाई बनाने की है। लेकिन अल्प-कालीन पहलू के बारे में हमने हाल ही में मुख्य मन्त्रियों से बातचीत की है और आशा है हम शीघ्र ही कोई निर्णय कर लेंगे।

**श्रीमती सावित्री निगम** : क्या मैं जान सकती हूं कि क्या सरकार को और मन्त्री महोदय को खाद्य के समाहार करने वालों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं कि यह लाने ले जाने की पद्धति और जिस रूप में इसको लागू किया जा रहा है, यह सभी दोषपूर्ण है और इसी कारण मुख्य केन्द्रों में अधिक अनाज पड़ा है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : मुझे ऐसा कोई अभ्यावेदन नहीं मिला है ।

**Shri Yashpal Singh :** Police is harassing those harijan women who take even one seer of grains on the Delhi border but Government could not stop those who move thousands of maunds of grain against the law. You can take any number of trucks any where provided you give them five rupees per truck but harijan women are given beating even for one seer of atta. I want to know the measures taken by Government in this respect.

**Shri D. R. Chavan :** A restriction has been imposed to take outside Delhi even one seer of it and those who do not take outside could not be given beating.

**Shri Yashpal Singh :** What is being considered for trucks which are going illegally ?

**Shri Achal Singh :** Is it not a fact that there is corruption and smuggling done to movement control ?

**श्री दा० रा० चव्हाण** : यह बात सही नहीं है ।

**श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या यह सच है कि गुजरात की राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से कहा है कि वह खाद्य क्षेत्र समाप्त करे और राज्य में अनाज के निर्बाध रूप से लाने ले जाने की अनुमति दे ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : जी, हां । इस बारे में गुजरात सरकार के विचार केन्द्रीय सरकार को बता दिए गए हैं ।

**श्री रंगा** : क्या सरकार ने इस बात पर विचार किया है कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो से यह जांच करने को कहा जाए कि राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा और सीमान्त क्षेत्रों में सभी चुंगियों पर तैनात पुलिस द्वारा क्षेत्रीय नियन्त्रण का किस हद तक और किस प्रकार उल्लंघन किया जा रहा है ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : इस मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच कराने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

**श्री दाजी** : क्या सरकार को मोटे अनाज के लाने ले जाने पर नियन्त्रण के सम्बन्ध में चिन्तनीय स्थिति का पता है जिसके फलस्वरूप फसल आने पर इसके ले जाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाता है और व्यापारियों द्वारा अनाज खरीदे जाने पर प्रतिबन्ध यकायक हटा दिया जाता है जैसा कि पिछले अप्रैल मास में हुआ और अब भी हो रहा है और क्या सरकार मोटे अनाज के बारे में भी कोई समान नीति अपनाने पर विचार करेगी ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : हम नीति के बारे में पहले ही निर्णय कर चुके हैं और हम इस पर दृढ़ रहेंगे; सीजन के दौरान हम इसको नहीं बदलेंगे ।

**Shri Jagdev Singh Siddhanti :** As Hon. Yashpal Singh Ji said that due to restrictions the corruption takes place in the movement of grains. What steps Government consider to take to uproot corruption ?

**Shri D. R. Chavan :** No, Sir.

**डा० लक्ष्मीमल्ल सिंहवी :** क्या मैं जान सकता हूं कि क्या मुख्य मन्त्रियों के साथ किए गए हाल के परामर्श में किसी बात पर कोई सहमति हो पाई और यदि नहीं तो मुख्य बात क्या थी ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** मुख्य बात यह थी कि कुछ राज्य 'ज़ोन' जारी रखना चाहते थे और कुछ अन्य राज्य 'ज़ोन' समाप्त करना चाहते थे ।

**Shri R.S. Pandey :** Due to restrictions on the movement of foodgrains, the prices have gone up in certain areas. I want to know if by coming of a good rabi crop, the restrictions would be liberalised to some extent ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** यह मामला विचाराधीन है और आशा है कि हम शीघ्र ही कोई फैसला कर लेंगे ।

**श्री द्वा० ना० तिवारी :** लोग अपने सरों पर अनाज की टोकरी लिए एक राज्य से दूसरे में आ-जा रहे हैं । क्या सरकार इस बारे में भी नियन्त्रण की दृष्टि से कोई विचार कर रही है ?

**श्री दा० रा० चव्हाण :** एक यात्री पांच किलोग्राम वज़न अपने साथ ले जा सकता है । जो आदेश जारी किए गए हैं, उनमें यह छूट दी गई है ।

**Shrimati Jamuna Devi :** Is it not a fact that in most of the States, the opinion is that the foodgrains movement policy of the Government has proved unsatisfactory. The collectors have done as they liked in movement of grains. There has been much difficulty and inconvenience to small traders. Is it not the policy of the Government that facilities should be given to big traders and not to small traders. If so, I want to know upto what time this policy would be continued ?

***Mr. Speaker* :** The Hon. Minister should see to it.

**Shri K. N. Tiwary:** The Hon. Minister just now said that there are two sets of Chief Ministers. One set is wanting the continuation of the zones and the other set wanting the discontinuation of the zones. Deficits States want the discontinuation and the surplus States want the continuation of the zones. I want to know whether the Central Government have their own policy in this respect ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** मैं बता चुका हूं कि मामला विचाराधीन है और हम शीघ्र ही फैसला कर लेंगे ।

**Shri Daljit Singh :** Some traders have been arrested in this connection for keeping more stocks and it was also said that people were also arrested for taking grains from one zone to another. I want to know the action taken against them ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम :** जब तक पूर्व सूचना न दी जाए, मैं इस प्रकार प्रश्न का उत्तर नहीं दे सकता ।

**श्री राधेलाल व्यास :** क्या मैं जान सकता हूं कि क्या सरकार अपने एक वर्ष के अनुभव को देखते हुए इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि खाद्यान्न के लाने ले जाने पर प्रतिबन्धों से मूल्य स्थिर रहे हैं और खरीदा गया अनाज अन्य राज्यों को उचित मूल्य पर दिया गया है और यदि इन प्रतिबन्धों को ढीला किया गया तो इससे समूची खाद्य नीति ही बिगड़ जाएगी ?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : यह तो ज़ोन बनाए रखने के लिए एक तर्क है। ज़ोन समाप्त करने के लिए अन्य तर्क दिए गए हैं। यह प्रतिबन्ध केवल एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाने के बारे में है। एक गांव या एक राज्य के भीतर प्रतिबन्ध का कोई प्रश्न नहीं है।

**Shri Onkar Lal Berwa**:The Hon. Minister has just now said that some States have consented for the continuation of the zones and the other for the discontinuation of the zones. I want to know the names of States which are in favour or against the continuation of the zones.

**Shri D.R. Chavan :** The restriction has been imposed in the union territory of Delhi and there are statutory control orders in each State and five kilograms....

**Shri Onkar Lal Berwa :** Which of the States have disagreed....

**अध्यक्ष महोदय** : कौन कौन से राज्य सहमत नहीं हुए हैं?

**श्री चि० सुब्रह्मण्यम** : गुजरात और महाराष्ट्र चाहते हैं कि ज़ोन समाप्त कर दिए जाएं। अन्य राज्य ज़ोन बनाए रखना चाहते हैं।

---

## प्रश्नों के लिखित उत्तर

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### अनुसूचित आदिम जातियां

*531. **श्री उइके :**
**श्री राम सहाय पाण्डेय :**
**श्री विद्याचरण शुक्ल :**
**श्री राधेलाल व्यास :**
**डा० चन्द्रभान सिंह :**

क्या **सामाजिक सुरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अनुसूचित आदिम जातियों का निर्धारण करने के लिये सरकार द्वारा अब तक अपनाई गई कसौटियों की असंगतियों को दूर करने के लिये एक समिति नियुक्त करने के प्रस्ताव पर सरकार विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका व्यौरा क्या है ?

**विधि मंत्री (श्री अ० कु० सेन)** : (क) अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों की सूची का निर्धारण करने के लिये एक मूल्यांकन समिति नियुक्त करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है।

(ख) व्यौरा अभी पूरा नहीं किया गया है। आशा है कि आखिरी फैसला शीघ्र ही किया जाएगा।

## पटसन विकास समिति

*532. श्री स० चं० सामन्त :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री सुबोध हंसदा :
श्री ब० कु० दास :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने श्री वास्तव समिति की सिफारिशों के अनुसार केन्द्रीय पटसन विकास समिति स्थापित की है ;

(ख) यदि हां, तो समिति के कृत्य क्या होंगे ;

(ग) क्या भारतीय केन्द्रीय पटसन समिति के संस्थापन में कोई परिवर्तन किया जाएगा ; और

(घ) यदि हां, तो क्या क्या परिवर्तन किये जायेंगे ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : (क) पटसन विकास मण्डल की स्थापना के विषय में श्रीवास्तव समिति की सिफारिशों के अनुसार भारत सरकर ने केन्द्रीय पटसन विकास समिति की स्थापना की है ।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

(ग) और (घ). केन्द्रीय पटसन विकास समिति की स्थापना के परिणामस्वरूप भारतीय केन्द्रीय कपास समिति के संस्थापन में कोई परिवर्तन करने का विचार नहीं है । परन्तु केन्द्रीय जिन्स समितियों, जिनमें भारतीय केन्द्रीय कपास समिति भी शामिल है, के पुनर्गठन का प्रश्न विचाराधीन है ।

### विवरण

केन्द्रीय कपास विकास समिति के निम्न कृत्य होंगे :—

(1) पटसन तथा सम्बद्ध रेशों के विषय में राज्य सरकारों द्वारा तैयार किये गये विकास कार्यक्रमों की जांच-पड़ताल करना ;

(2) निर्धारित लक्ष्यों के विषय में पटसन विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन करना ;

(3) विकास कार्यक्रमों को गतिमान करने के विषय में सिफारिशें करना ;

(4) पटसन तथा सम्बद्ध रेशों के गुण में सुधार करने के विषय में विशेष योजनायें सुझाना तथा उनके बारे में स्वीकार की गई योजनाओं की गति की जांच-पड़ताल करना ;

(5) उत्पादन केन्द्रों में पटसन तथा अन्य सम्बद्ध रेशों की मौजूदा कीमतों का मूल्यांकन करना तथा मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए उपाय सुझाना ; और

(6) उत्पादन केन्द्रों से विपणन केन्द्रों तक पटसन तथा सम्बद्ध रेशों की गतिविधि का हिसाब किताब रखना तथा इस सम्बन्ध में मार्ग में आगे वाली रुकावटों को दूर करना ।

## अनैतिक पण्य

*533. श्री हेडा :
श्री यशपाल सिंह :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या सामाजिक सुरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 21 जनवरी, 1965 को नारी रक्षा समिति की दिल्ली शाखा की प्रधान द्वारा सम्बोधित प्रेस कान्फ्रेंस की ओर दिलाया गया है जिसमें उन्होंने स्त्रियों तथा लड़कियों के अनैतिक पण्य दमन अधिनियम, 1956 में तत्काल संशोधन करने तथा राजधानी में इस बुराई को समाप्त करने के लिये पुलिस तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को अधिक शक्तियां देने की मांग की थी ;

(ख) यदि हां, तो समाज सुधार के इस कार्य के लिये इस समिति ने क्या-क्या मुख्य सुझाव दिये हैं ; और

(ग) प्रत्येक सुझाव पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव)** : (क) सरकार ने कान्फ्रेंस के बारे में प्रकाशित समाचार देखे हैं तथा उसे समिति द्वारा पास किए प्रस्तावों की प्रतिलिपि भी प्राप्त हो गई है ।

(ख) समिति ने अनैतिक पण्य दमन अधिनियम, 1956 में संशोधन करने के लिये निम्न सुझाव दिये हैं :--

(1) अनैतिक पण्य दमन को गैर -जमानती अपराध घोषित किया जाय ।

(2) मकान मालिक, चरित्रहीन स्त्री तथा ग्राहक के चालान की साझी व्यवस्था होनी चाहिए ;

(3) अधिनियम के अन्तर्गत अपराधों से निपटने के लिये पुलिस तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को अधिक अधिकार मिलने चाहिए; और

(4) पकड़ी गई पतित स्त्रियों को सुधारने के लिये सुरक्षा गृह स्थापित करने चाहिए ।

(ग) ये तथा अन्य सुझाव बहुत सी राज्य सरकारों/दूसरे समाज सेवा संस्थानों से प्राप्त हुए हैं । इन पर विचार हो रहा है और कार्यवाही की जायेगी ।

## रेगिस्तान विकास बोर्ड

*534. श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री सुबोध हंसदा :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री 15 सितम्बर, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 181 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस बीच प्रस्तावित रेगिस्तान विकास बोर्ड के कार्यों, शक्तियों और परिचालन कार्यक्रम का ब्यौरा अन्तिम रूप से निश्चित कर लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी विस्तृत रूपरेखा क्या है ; और

(ग) इस नई संस्था की कार्यवाहियों का क्षेत्र तथा आकार क्या होगा और रेगिस्तान विकास कार्य में राज्य किस हद तक सहयोग करेंगे ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : (क) से (ग). इस समय योजना आयोग इन सब बातों पर विचार कर रहा है और शीघ्र ही कोई निर्णय हो जाने की आशा है ।

## मुख्य मंत्रियों का सम्मेलन

*535. **श्री दी० चं० शर्मा :**
**श्री विश्वनाथ पाण्डेय :**
**श्री दे० जी० नायक :**
**श्री छ० म० केदरिया :**
**श्री बालमीकी :**
**श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री हिम्मत सिंहका :**
**श्री रामेश्वर टांटिया :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गेहूं का उत्पादन करने वाले राज्यों के मुख्य मन्त्रियों की गेहूं नीति के सब पहलुओं पर, जिनमें गेहूं खण्डों का जारी रखना भी शामिल है, विचार करने के लिये केन्द्र के साथ 5 से 9 मार्च, 1965 तक एक बैठक हुई थी; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या निर्णय किया गया है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : (क) जी, हां ।

(ख) अन्तिम निर्णय अभी नहीं लिया गया है ।

## रिवर स्टीम नेवीगेशन कम्पनी लिमिटेड

*536. **श्री इन्द्रजीत गुप्त :**
**श्री दाजी :**

क्या **परिवहन** मन्त्री 2 मार्च, 1965 के तारांकित प्रश्न संख्य 213 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रिवर्स स्टीम नैवीगेशन कम्पनी लिमिटेड के नये निदेशक बोर्ड में सरकार द्वारा नियुक्त किये गये दस निदेशकों के नाम क्या हैं ;

(ख) क्या सरकार का विचार इस कम्पनी को न लाभ न हानि के आधार पर चलाने का है ।

(ग) क्या इस कम्पनी को पहले दिए गये 2 करोड़ रुपये से अधिक के सरकारी ऋणों को बट्टे खाते में डालने का फैसला कर लिया गया है ; और

(घ) क्या इस कम्पनी के सरकार द्वारा ले लिये जाने के पश्चात् कम्पनी के वर्तमान भारतीय कर्मचारियों की नौकरियों तथा सेवा की शर्तों को संरक्षण प्रदान किया जायेगा ?

**परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर)**: (क) से (घ). अपेक्षित सूचना देने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 4035/65**].

**भिखारी समस्या**

***537. { श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :**
**श्री दी० चं० शर्मा :**
**श्री रामेश्वर टांटिया :** }

**क्या सामाजिक सुरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग के समाज कल्याण सम्बन्धी पेनल ने भारत की राजधानी तथा अन्य बड़े नगरों में भिखारी समस्या के विभिन्न पहलुओं पर कार्यवाही करने के लिये कुछ विशेष उपायों की सिफारिश की है ;

(ख) यदि हां, तो योजना आयोग के उक्त पैनल की मुख्य सिफारिशें क्या हैं; और

(ग) उन सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

**विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव)** : (क) से (ग). पेनल की बैठक 8 मार्च 1965 को हुई थी और उसने अभी तक इस विषय पर अपनी रिपोर्ट नहीं दी है। रिपोर्ट मिलने पर योजना आयोग द्वारा उसका अध्ययन किया जाएगा। योजना को कार्यान्वित तभी किया जाएगा जब कि वह पूरी हो जाएगी।

**गोंडा चुनाव**

***538. { श्री यशपाल सिंह :**
**श्री हरि विष्णु कामत :** }

**क्या विधि** मन्त्री गोंडा संसदीय चुनाव सम्बन्धी 8 दिसम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 408 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के कुछ अधिकारियों के आचरण के बारे में जांच पूरी हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसके मुख्य निष्कर्ष क्या हैं ; और

(ग) सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध इस बीच क्या कार्यवाही की गई है ?

**विधि मंत्री (श्री अ० कु० सेन)** : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठता।

**मध्य प्रदेश में चीनी मिल**

***539. { श्री उइके :**
**श्री राम सहाय पाण्डेय :**
**श्री विद्याचरण शुक्ल :**
**श्री रामेलाल व्यास :** }

श्री चाण्डक :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री पाराशर :
डा० चन्द्रभान सिंह :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चीनी मिलें स्थापित करने के लिये मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त हुए, दस आवेदन-पत्रों में से तीन आवेदन-पत्र भारत सरकार के विचाराधीन हैं ;

(ख) यदि हां, तो आवेदकों के नाम क्या हैं तथा ये चीनी मिलें कहां-कहां स्थापित की जायेंगी ; और

(ग) अन्तिम निर्णय राज्य सरकार को कब तक बताये जाने की सम्भावना है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : (क) और (ख) नये शर्करा कारखाने स्थापित करने के लिये मध्य प्रदेश से प्राप्त 10 आवेदन-पत्रों में से दो आवेदन-पत्रों अर्थात् जिला मोरेना के लिए मोरेना मंडल सहकारी शक्कर कारखाना लिमिटेड और जिला इन्दौर के लिए दी मालवा सहकारी शर्करा मिल्स के दो आवेदन-पत्रों पर विचार किया जा रहा है ।

(ग) इन आवेदन-पत्रों पर अन्तिम निर्णय लेने में कुछ समय लगेगा ।

### चीनी के नये कारखानों के लिये लाइसेंस

*540. श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री विभूति मिश्र :
श्रीमती रामदुलारी सिन्हा :
श्री क० ना० तिवारी :
श्री गुलशन :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में नये चीनी के कारखानों के लिये लाइसेंस देने और वर्तमान चीनी कारखानों के विकास में वित्त की कमी बाधक रही है ;

(ख) यदि हां, तो चीनी के कारखानों का विकास तीसरी पंचवर्षीय योजना के कार्यक्रम से कितना पीछे रह गया है ;

(ग) क्या चीनी उद्योग में राज्य द्वारा भाग लेकर इस कमी को दूर करने का विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो सम्बन्धित योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : (क) यह सत्य है कि लाइसेंस जारी करने से पहले वित्तीय व्यवस्था करनी पड़ती थी । हाल ही में, लगभग 3.9 लाख मीट्रिक टन की अतिरिक्त

क्षमता के लिए वर्तमान 62 शर्करा कारखानों को इटेंट पत्र जारी किये गये हैं। इस वर्ष लगभग 10 नये शर्करा कारखानों को लाइसेंस देने की ग्राशा है।

(ख) तीसरी योजनावधि के ग्रन्त में शर्करा उद्योग की स्थापित क्षमता 32.5 लाख मीट्रिक टन के ग्रास पास हो जाने की ग्राशा है जबकि तीसरी पंचवर्षीय योजना के लिये यह लक्ष्य 35.6 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया था।

(ग) ग्रौर (घ). जी, नहीं। निजी क्षेत्र में कुछ बड़े शूगर-कम-बैगास पल्प यूनिट्स स्थापित करने की सम्भावना की जांच की जा रही है।

**Price of Khadi**

***541. { Shri Onkar Lal Berwa :**
**Shri Hukam Chand Kachhavaiya :**

Will the Minister of **Social Security** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have taken a decision to raise prices of Khadi by 25 per cent in the Northern region ;

(b) if so, the reasons therefor ; and

(c) when the prices are likely to be raised ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Law (Shri Jagannath Rao):** (a) No. Sir.

(b) and (c). Do not arise.

**चीनी विपणन बोर्ड**

***542. { श्री यशपाल सिंह :**
**श्रीमती सावित्री निगम :**
**श्री रा० गि० दुबे :**
**श्री रामचन्द्र उलाका :**
**श्री धुलेश्वर मीना :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री 8 दिसम्बर, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 405 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस बीच चीनी विपणन बोर्ड स्थापित करने का ग्रन्तिम निर्णय कर लिया है ; ग्रौर

(ख) यदि नहीं, तो कब तक निर्णय किये जाने की सम्भावना है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** : (क) जी, नहीं।

(ख) इस मामले पर सेन ग्रायोग की सिफारिशें प्राप्त होने के बाद।

**कर्मचारियों की लापरवाही के लिये राज्य की जिम्मेदारी**

1378. **श्री हेमराज** : क्या **विधि** मंत्री कर्मचारियों की लापरवाही के लिये राज्य की जिम्मेदारी सम्बन्धी 24 नवम्बर, 1964 के ग्रतारांकित प्रश्न संख्या 397 के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रस्तावित विधान लाने में कितनी प्रगति हुई है ?

**विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव)** : मामला अभी विचाराधीन है ।

### पिछड़े वर्ग

1379. **श्री सिद्दया** : क्या **सामाजिक सुरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछड़े वर्गों सम्बन्धी मंत्रियों के 1964 में हुए सम्मेलन ने क्या क्या मुख्य सिफारिशें की थीं ; और

(ख) राज्य सरकारों और केन्द्रीयइन्हें कहां तक क्रियान्वित किया है ?

**सामाजिक सुरक्षा विभाग में उपमंत्री (श्रीमती चन्द्र शेखर)** : (क) और (ख). राज्यों के पिछड़े वर्गों सम्बन्धी मंत्रियों और सहकारिता सम्बन्धी मंत्रियों का एक सम्मेलन सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय वार पिछड़े वर्गों के लिये सहकारिता सम्बन्धी विशेष कार्यकारी दल की सिफारिशों पर विचार करने के लिए मई, 1964 में बुलाया गया था। सम्मेलन में की गई सिफारिशों पर सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय (सहकारिता विभाग) में अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है ।

### Bahadurgarh—Central Secretariat Delhi Bus Service

1380. **Shri Jagdev Singh Siddhanti :**
**Shri Sadhu Ram :**
**Shri Bagri :**

Will the Minister of **Transport** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1683 on the 22nd December, 1964 regarding the starting a direct bus service from Bahadurgarh to Central Secretariat and *vice versa* and state the progress since made in the matter ?

**The Minister of Transport(Shri Raj Bahadur):** The Delhi State Transport Authority have decided that the three existing permit holders on Delhi-Bahadurgarh route performing 18 trips at present may be asked to perform six more single trips *i.e.*, 3 in the morning and 3 in the evening from Bahadurgarh to Central Secretariat and *vice versa*. As required under the Motor Vehicles Act, 1939 notice inviting objections and representations to the proposed increase in the number of trips and extension of the existing route has already been issued by the Authority on the 24th February, 1965 On expiry of the prescribed period, the matter will again be placed before the Authority for finalisation of the proposal.

### मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित आदिम जातियां

1381. **श्री लखमू भवानी** : क्या **सामाजिक सुरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार ने 6963-64, 1964-65 और 1965-66 में अनुसूचिन जातिओं तथा अनुसचित आदिम जातियों और अन्य पिछड़ वर्गों की कल्याण योजना कार्यान्वित करने के लिये मध्य प्रदेश सरकार को कितनी राशि मंजूर की है ; और

(ख) क्या 1963-64 कोर 196-65 के लिये स्वीकृत राशि का प्रतिवर्ष उचित प्रयोग किया गया ?

**सामाजिक सुरक्षा विभाग में उपमंत्री (श्रीमती चन्द्रशेखर)** :

(क) मंजूर की गई राशि—

| | 1963–64 | 1964–65 | 1965–66 |
|---|---|---|---|
| | | (लाख रुपयों में) | |
| 1. अनुसूचित आदिम जातियां | 155·61 | 283·02 | 346·84 |
| 2. अनुसूचित जातियां . . | 34·83 | 44·36 | 45·00 |
| 3. अन्य पिछड़े वर्ग जिन में अनधिसूचित आदिम जातियां शामिल हैं | 11·06 | 15·28 | 10·23 |

(ख) 1963–64 के लिए मंजूर की गयी राशि खर्च कर ली गई। जहां तक 1964–65 का सम्बन्ध है, अभी खातों का अन्तिम समायोजन होना है लेकिन अभी तक व्यय में दिए गए धन की तुलना में कोई खास कमी नहीं हुई है।

**मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिये छात्रावास**

1382. **श्री लखमू भवानी** : क्या **सामाजिक सुरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1965–66 में मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के विद्यार्थियों के लिये कितने छात्रावास खोलने का विचार है ; और

(ख) सरकार द्वारा राज्य में इसी अवधि में इस प्रकार के छात्रावास बनाने के लिए कितनी राशि मंजूर की गई है ?

**सामाजिक सुरक्षा विभाग में उपमंत्री (श्रीमती चन्द्र शेखर)** : (क) और (ख). 150। यह संख्या और इन के निर्माण के लिए मंजूर की गई धनराशि योजना आयोग द्वारा अनुमोदित नक्शे को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा बनाए गए पुनरीक्षित कार्यक्रम पर निर्भर होंगे।

**कृषि नीति**

1383. **श्री प्र० चं० बरुआ** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान हैदराबाद में "इनटक" की कार्यकारिणी समिति द्वारा स्वीकृत संकल्प की ओर दिलाया गया है जिसमें कृषि नीति के लिए दस सूत्री कार्यक्रम की सिफारिश की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो इस कार्यक्रम का ठीक ठीक ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : (क) जी हां।

(ख) दस सूत्री कार्यक्रम का ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

1—स्वयं खेती न करने वाले भू-स्वामियों का स्वामित्व समाप्त किया जाए ;

2—आवश्यकता अनुसार एसी व्यवस्था की जाए कि भूमि पर खेतीहर का स्वामित्व स्थापित हो और भूमि का मूल्य देने के लिए उन्हें वार्षिक आसान किस्तों पर ऋण दिये जायें ;

3—लघु सिंचाई सुविधायें प्रदान करने की ओर अधिकाधिक ध्यान दिया जाए ताकि देश को इन परियोजनाओं से शीघ्र लाभ पहुंचे ;

4—कृषकों को सहकारी संस्थाओं के माध्यम से सस्ते मूल्य पर ऋण, उर्वरक तथा सुधरे बीज प्रदान करने की व्यवस्था की जाए ;

5—प्रशासकीय सुधारों तथा उपयुक्त व्यक्तियों के माध्यम से ग्रामीण सहकारी आन्दोलन को तेज़ करने के लिए कदम उठाये जायें

6—व्यापारिक फसलों की खेती को नियमित किया जाये ताकि खाद्यान्नों के उत्पादन को हानि न पहुंचे ;

7—प्रत्येक खण्ड में सघन तथा मिश्रित खेती को प्रोत्साहन दिया जाये ;

8—बिचौलियों की प्रथा को समाप्त करके उत्पादक एवं उपभोक्ता के लिए उचित मूल्य निश्चित किये जायें ।

9—कृषकों के लिए मूल्यों को सहारा देने की नीति तथा उपभोक्ता के लिए सहाय्य-प्राप्त मूल्यों की नीति तैयार की जाए

10—कृषिकों की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सेवा सहकारी संस्थाओं का जाल बिछाया जाना चाहिए ।

(ग) सुझावों पर विचार किया जा रहा है ।

### कुटीर उद्योग

1384. **श्रीमती सावित्री निगम :**
**श्री प्र० चं० बरुग्रा :**

क्या **सामाजिक सुरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पीतल, तांबा तथा एल्युमीनियम कम मात्रा में मिलने के कारण कुटीर उद्योग को जिससे दिल्ली में लगभग 400 कारीगरों को काम मिला हुआ है, कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव)** : (क) कम सम्भरण से निस्सन्देह कठिनाई हो रही है ।

(ख) विदेशी मुद्रा की कमी और आयातित कच्चे माल के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य में वृद्धि के कारण वर्तमान आवंटन में वृद्धि करना सम्भव नहीं है ।

### समाज कल्याण तथा सुरक्षा कार्यक्रम

1385. **श्री यशपाल सिंह :**
**श्री स० मो० बनर्जी :**
**श्री भागवत झा आज़ाद :**

क्या **सामाजिक सुरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना में समाज कल्याण तथा सुरक्षा के क्या-क्या मुख्य कार्यक्रम होंगे ;

(ख) किन पहलुओं पर अधिक जोर दिया जायेगा ; और

(ग) इस प्रयोजना के लिये कितनी धन राशि रखी गई है ?

**विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव)** : (क) से (ग). एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है जिसमें आवश्यक जानकारी दी हुई है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 4036/65]**

## भूमि बन्धक बैंक

1386. **श्रीमती सावित्री निगम** : क्या **सामुदायिक विकास तथा सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्य सरकारों को कोई हिदायतें दी गई हैं कि वे भूमि बन्धक बैंकों से सीधे उत्पादन में वृद्धि करने वाले कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के लिए कहें ; और

(ख) यदि हां, तो उनकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं और इस पर राज्य सरकारों की क्या प्रतिक्रिया है ?

**सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति)** : (क) और (ख). राज्य सरकारों को कहा गया है कि भूमि बन्धक बैंकों द्वारा सीधे उत्पादन में वृद्धि करने वाले कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राज्य सरकारें, सामान्यतः इस नीति से सहमत हैं। अखिल भारतीय भूमि बन्धक बैंकों के सहकारी संघ ने भी दिसम्बर, 1962 में अपनी बैठक में यह स्वीकार किया कि भूमि बन्धक बैंकों को उत्पादक कार्यों के लिए ऋण देने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। तद्नुसार राज्य सरकारें और बैंक अपनी ऋण नीतियों को रिओरिएन्ट कर रहे हैं।

## Exemption of Insecticides from Terminal Tax

1387. **Shri Bade :**
**Shri Hukam Chand Kachhavaiya :**
**Shri Onkar Lal Berwa :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether there is any proposal under consideration of Government to exempt certain insecticides/pesticides from octroi/terminal tax; and

(b) if so, the broad outlines thereof and the stage at which the matter stands at present ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Food and Agriculture (Shri Shah Nawaz Khan)**: (a) and (b). Octroi Terminal tax on pesticides is a State subject and it is for the State Governments to grant exemption on this. The Government of India, however, made a suggestion in early 1964 to the State Governments/Union Territories to waive the levy of Octroi Duty on all pesticides so that prices of pesticides may come down to some extent. According to the information received no terminal tax is levied in Punjab, Nagaland, Tripura, Manipur, Andaman and Nicobar Islands, Goa, Daman and Diu. The Governments of Kerala, Andhra Pradesh & Maharashtra have expressed their inability to waive the Terminal Tax. The matter is reported to be under the consideration of the Governments of Assam, Madras, Gujarat, Rajasthan, Madhya Pradesh, Pondicherry and Delhi.

## Insurance Cooperatives

1388. Shri Bade :
Shri Hukam Chand Kachhavaiya :
Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Vishwa Nath Pandey :

Will the Minister of **Community Development and Cooperation** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1050 on the 22nd September, 1964 and state the reaction of Government to the conclusions and recommendations of the Study Team on General Insurance Cooperatives?

**The Deputy Minister in the Ministry of Community Development and Cooperation (Shri B. S. Murthy) :** The recommendations are still under examination in consultation with the State Governments and Central Ministries concerned.

## चीनी के कारखाने

1389. श्री प्र० चं० बरुग्रा :
श्री विभूति मिश्र :
श्रीमती रामदुलारी सिन्हा :
श्री क० ना० तिवारी :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री 15 दिसम्बर, 1964 के ग्रतारांकित प्रश्न संख्या 1409 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1965 में प्रत्येक राज्य में चीनी के कितने कारखानों के लिये लाइसेंस दिये जाने की सम्भावना है ;

(ख) ये कहां स्थित होंगे ; ग्रौर

(ग) इनमें से कितने सहकारी क्षेत्र में होंगे ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण) :** (क) से (ग). 1965 में विभिन्न राज्यों में लगभग 10 नये शर्करा कारखानों को ग्रधिकांशत: सहकारी क्षेत्र में, लाइसेंस देने का विचार है। उनके स्थान निर्धारण के बारे में विचार हो रहा है।

## ज्वार की खरीद

1390. श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री प्र० चं० बरुग्रा :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस बात की जांच की है कि क़िसानों द्वारा 25 किलो तक ज्वार बेचे जाने सम्बन्धी उपबन्ध, जैसे कि महाराष्ट्र में लागू किये गये हैं, सरकार की एकाधिकार क्रय योजना को पूर्णतया विफल कर रहे हैं ;

(ख) क्या लाभ सीमा सम्बन्धी ग्रादेश से खाद्यान्नों में होने वाली मुनाफाखोरी रोकने में सहायता मिली है ; ग्रौर

(ग) जिन लोगों से व्यापारी ग्रनाज ग्रौर दालें खरीदते हैं उनसे ग्रधिक मूल्य के बीजक बनवाने की कुरीति को समाप्त करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण) :** (क) यह ठीक नहीं है कि महाराष्ट्र में ज्वार की एकाधिकार क्रय योजना में किसानों द्वारा खुले तौर पर वास्तविक उपभोक्ता को एक ही समय में 25 किलो तक ज्वार बेचने के लिये जो उपबन्ध है, से योजना विफल हो रही है।

(ख) जी, हां ।

(ग) महाराष्ट्र में इस प्रकार की किसी प्रथा की सूचना सरकार को नहीं मिली है ।

## Indian Law Institute

1391. **Shri Sidheshwar Prasad :** Will the Minister of **Law** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government granted a loan to the Indian Law Institute in 1962 for the construction of a building and subsequently it rented a portion of the building ; and

(b) if so, the amount given for the construction of the building and the monthly amount being paid as rent for the portion rented ?

**The Deputy Minister in the ministry of Law (Shri Jaganatha Rao):** (a) and (b). The Government granted a loan of Rs. 9·15 lakhs to the Indian Law Institute for construction of additional storeys to the Indian Law Instiute building with a view to providing about 24,000 sq. ft. of carpet area to Government for office accommodation at a monthly rental of Rs. 45/- per 100 sq. ft. The actual monthly rent to be paid for the accommodation will be determined after the Central Public Works Department works out the nett carpet area made available to the Government.

## परिसीमन निकाय

1392. **श्री विभूति मिश्र** : क्या विधि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्ति न्यायाधीश श्री जे० एल० कपूर की ग्रध्यक्षता में नियुक्त परिसीमन निकाय को सरकार ने कोई निदेश दिया है ; ग्रौर

(ख) यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है ?

**विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव)** : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

## ग्रौद्योगिक परियोजनाग्रों का प्रभाव

1393. **श्री सुबोध हंसदा :**
**श्री सं० चं० सामन्त :**
**श्री मङ लाङ द्विवेदी :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास पिछली दो तथा चालू पंचवर्षीय योजनाग्रों में देश में विभिन्न ग्रौद्योगिक परियोजनाग्रों की स्थापना के लिए साफ किये गये वनों सम्बन्धी कोई ग्रांकड़े हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार कुल कितने क्षेत्र को वनरहित किया गया ; और

(ग) इन वनों के कारण कुल कितनी हानि हुई ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : (क) से (ग). राज्य सरकारों से आवश्यक जानकारी इकट्ठी की जा रही है और मिलने पर सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

### केसर का उत्पादन

1394. **श्री विश्वनाथ राय :**
**श्री म० ना० स्वामी :**
**श्री ब्रजेश्वर प्रसाद :**
**श्री स० मो० बनर्जी :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केसर का उत्पादन बढ़ाने के लिए कभी कोई प्रयत्न किया गया है ;

(ख) यदि नहीं, तो क्या कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ग) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं तथा उसको कब तक कार्यरूप दिए जाने की संभावना है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : (क) से (ग). केसर का उत्पादन बढ़ाने के लिए जम्मू तथा काश्मीर सरकार ने 1954 में इस फसल पर अनुसंधान शुरू किया था ताकि केसर की खेती की उन्नत विधियों का पता लगाया जा सके । कुछ प्रगति हुई है परन्तु अभी तक परीक्षण चालू हैं । राज्य सरकार इस फसल के विषय में कार्य को तेज कर रही है ।

### लघु सिंचाई कार्यक्रम

1395. **श्री पें० वेंकटासुब्बया :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार कोई ऐसी योजना बनाने का है जिससे वह लघु योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए कृषकों को राजसहायता का कुछ भाग सीमेंट तथा अन्य नियन्त्रित वस्तुओं के रूप में दे सके ; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस सम्बन्ध में राज्य सरकारों को कोई हिदायत जारी की गई है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : (क) और (ख) जी नहीं । परन्तु ऋणों के बारे में राज्य सरकारों को परामर्श दिया गया है कि लघु सिंचाई योजनाओं के लिए साज सामान के निमित दिये जाने वाले ऋण का एक भाग यथा सम्भव वस्यओं के रूप में दिया जाए ।

### उड़ीसा के लिये अम्बर चर्खे

1396. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
**श्री धुलेश्वर मीना :**
**श्री रामचन्द्र मलिक :**

क्या **सामाजिक सुरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964-65 में उड़ीसा को वास्तव में कितने अम्बर चर्खे दिये गये ;

(ख) उक्त अवधि में वास्तव में कितने अम्बर चर्खे प्रयोग में लाये गये ; और

(ग) उक्त अवधि में कितना सूत काता गया ?

**विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव)** : (क) दिसम्बर, 1964 के अन्त तक 144।

(ख) दिसम्बर, 1964 के अन्त तक 420 ।

(ग) दिसम्बर, 1964 के अन्त तक 55,972 किलोग्राम धागा ।

## ग्राम सवकों का प्रशिक्षण

1397. **श्री कोया :**
**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
**श्री हिम्मतसिंहका :**
**श्री रामेश्वर टांटिया :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न राज्यों में गाभ सेवकों को इस समय दिया जा रहा प्रशिक्षण अपूर्ण है ; और

(ख) यदि हां, तो वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम का संशोधन करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ताकि ग्राम सेवक खेती की उन्नत प्रणालियों के बारे में किसानों का मार्गदर्शन कर सकें ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : (क) और (ख). एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 4037/65]**

## आटे की चक्कियों को गेहूं का कोटा

**1398. श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1963-64 तथा 1964-65 में उत्तर प्रदेश में विभिन्न आटे की चक्कियों को गेहूं पीस कर गेहूं उत्पादन बनाने के लिये दिये गये विदेशी गेहूं के मासिक कोटे का व्यौरा क्या है।

(ख) ऐसी कितनी चक्कियां हैं जिन के पास गेहूं उत्पादों को बनाने के लिये कोई संयंत्र नहीं है ; और

(ग) यह नियंत्रण कैसे रखा जाता है कि आयात किये गये गेहूं को उसी प्रयोजन प्रयोग में लाया जाये जिसके लिये वह दिया गया है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण)** : (क) 1963-64 और 1964-65 में उत्तर प्रदेश की विभिन्न आटा मिलों को नियत किये गये गेहूं के मासिक कोटों के

ब्यौरे निम्न प्रकार हैं :—

(आंकड़े हजार मीट्रिक टन में)

| महीना | नियत किया गया कोटा | |
|---|---|---|
| | 1963–64 | 1964-65 |
| अप्रैल | 32.1 | 76.7 |
| मई | 39.4 | 77.0 |
| जून | 42.7 | 69.9 |
| जुलाई | 47.3 | 69.2 |
| अगस्त | 46.4 | 49.1 |
| सितम्बर | 51.5 | 40.0 |
| अक्तूबर | 52.8 | 40.0 |
| नवम्बर | 54.2 | 40.0 |
| दिसम्बर | 60.3 | 40.0 |
| जनवरी | 78.5 | 40.0 |
| फरवरी | 74.6 | 24.0 |
| मार्च . . . | 80.7 | 24.0 |
| जोड़ | 660.5 | 589.9 |

(ख) उत्तर प्रदेश में सभी लाइसेंसधारी रोलर आटा मिलों के पास गेहूं के पदार्थ बनाने के लिये प्लान्ट हैं ।

(ग) गेहूं रोलर फलोर मिल्स (लाइसेंसिंग तथा कन्ट्रोल) आदेश, 1957 के अधीन नियुक्त निरीक्षक मिलों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हैं । मिलों को पखवारे में पिसाई सम्बन्धी किये गये कार्य और गेहूं के पदार्थों की बेची गयी मात्रा के बारे में पाक्षिक विवरण प्रस्तुत करने पड़ते हैं । गेहूं से बने पदार्थों के भाव नियन्त्रित करने के लिये उनके मिल से निकासी अधिकतम भाव निर्धारित कर दिये गये हैं । उत्तर प्रदेश सरकार को यह भी अधिकार दे दिया गया है कि वे गेहूं के पदार्थों का उचित मूल्य की दुकानों पर वितरण करने के लिये मिलों से नियन्त्रित भावों पर जितनी मात्रा चा ले सकती हैं ।

## छोटी गंडक पर पुल

**1399. श्री विश्वनाथ पाण्डेय :** क्या परिवहन मंत्री 29 सितम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1433 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि गुथानी बाजार के निकट छोटी गंडक पुल के निर्माण कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

**परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर) :** राज्य के मुख्य इंजीनियर द्वारा इस पुल के निर्माण-कार्य के लिए टैंडर मांगे गए थे और नवम्बर, 1964 में दो टैंडर आए थे । इन दोनों को बिहार के लोक

निर्माण विभाग ने अस्वीकार कर दिया क्यों कि वे मंजूरशुदा लागत से बहुत अधिक धनराशि के थे और उनमें ऐसी शर्तें थी जिनको माना नहीं जा सकता था। अतः नए टंडर मांगे गए और 2 मार्च, 1965 को चार टैंडर प्राप्त हुए। इस समय राज्य के मुख्य इंजीनियर द्वारा इनकी जांच की जा है और यह आशा है कि वह शीघ्र ही फैसला कर लगे।

### विदेशी पर्यटक

1400. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964 में कितने विदेशी पर्यटकों ने भारत के पर्यटक स्थानों की यात्रा की और

(ख) इससे कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई ?

**परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर)** : (क) और (ख). 1964 के कैलेण्डर वर्ष में भारत भ्रमण करने वाले विदेशी पर्यटकों की सम्पूर्ण संख्या 1,56,672 थी (इसमें पाकिस्तान के राष्ट्रिक शामिल नहीं हैं)।

इन विदेशी पर्यटकों से प्राप्त विदेशी मुद्रा का विश्वस्त प्राक्कलन उपलब्ध नहीं है। फिर भी 1962 में किये गये, पर्यटक व्यय के पाइलट सर्वेक्षण के परिणाम के आधार पर, 1964 के कलैण्डर वर्ष के लिये विदेशी मुद्रा की प्राप्ति लगभग 23 करोड़ रुपये अस्थायी तौर पर प्राक्कलित की जाती है।

### Red Fort, Delhi

1401. **Shri Vishwa Nath Pandey :** Will the Minister of **Transport** be pleased to state :

(*a*) whether Government are making arrangements whereby the Red Fort, Delhi will relate its romantic history through light music and sound to tourists every night; and

(b) if so, the expenditure involved and when it will be put into operation

**The Minister of Transport (Shri Raj Bahadur) :** (a) Yes, Sir.

(b) The expenditure involved would be approximately Rs. 6·00 lakhs and the show has opened on March 22, 1965.

### Agricultural Corporations

1402. **Shri Yashpal Singh :**
**Shrimati Maimoona Sultan :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) whether Government have agreed to give assistance to the State Governments for the setting up of Agricultural Corporations for promoting the supply of farm implements and machinery;

(b) if so, the broad outlines of the proposal ; and

(c) the States in which they are going to be set up ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Food and Agriculture (Shri Shah Nawaz Khan) :** (a) Yes.

(b) The intention is that these Agro-Industrial Corporations would be limited companies in the Public Sector with an authorised capital of about Rupees two crores, upto 25% of which may be contributed by the Government of India. These Agro-Industrial Corporations are intended to establish capacity for manufacture of agricultural machinery and implements. They may sponsor manufacture of different items of equipment or they may undertake manufacture of selected items. To promote sale, the Corporations may under-take extensive demonstration of modern agricultural implements. These Corporations may advance loans to any company or firm engaged in manufacture of farm equipment, including equipments for allied and ancillary purposes.

(c) To start with, the Corporations are proposed to be set up in Andhra Pradesh, Madras, Punjab and Maharashtra.

### बीज फार्म

1403. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
**श्री धुलेश्वर मीना :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1964-65 में उड़ीसा में कोई बीज फार्म स्थापित किये गये थे ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उसी अवधि में इस प्रयोजन के लिये उस राज्य को कितनी केन्द्रीय सहायता दी गई ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)**: (क) से (ग). मांगी गई जानकारी उड़ीसा सरकार से इकट्ठी की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा के पटल पर रख दी जायेगी ।

### विक्रय संस्थायें

1404. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
**श्री धुलेश्वर मीना :**

क्या **सामुदायिक विकास तथा सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964-65 में अब तक राज्यवार कितनी प्राथमिक विक्रय संस्थायें स्थापित की गई ; और

(ख) 1965-66 में राज्यवार कितनी संस्थाएं स्थापित की जायेंगी ?

**सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति)** : (क) और (ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है ।

**[पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 4038/65]**

### उड़ीसा में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के छात्रों के लिये मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्तियां

1405. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
**श्री धुलेश्वर मीना :**
**श्री रामचन्द्र मलिक :**

क्या **सामाजिक सुरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964-65 में उड़ीसा में मैट्रिकोत्तर अध्ययन के लिये अनुसूचित आदिम जातियों,

अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों को कुल कितनी छात्रवृत्तियां दी गईं ;

(ख) उक्त अवधि में उड़ीसा के कितने छात्रों ने इन छात्रवृत्तियों के लिये आवेदन-पत्र दिये थे ; और

(ग) ये छात्रवृत्तियां उन छात्रों को किन-किन तारीखों को दी गई थीं ?

**सामाजिक सुरक्षा विभाग में उपमंत्री (श्रीमती चन्द्रशेखर)** : (क) से (ग). राज्य सरकार से अपेक्षित जानकारी मांगी गई है और प्राप्त होने पर सभा पटल पर रख दी जाएगी

### Employees of Khadi and Village Industries Commission

1406. { **Shri Madhu Limaye :**
**Shri Bagri :**

Will the Minister of **Social Security** be pleased to state :

(a) whether there was any delay in implementing the recommendations of the Second Pay Commission in the case of employees of Khadi and Village Industries Commission ;

(b) if so, the reasons therefor ;

(c) the date from which these recommendations have been implemented;

(d) whether arrears of these employees have been paid to them ; and

(e) if not, the total amount of these arrears to be paid and also when Government propose to clear them ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Law (Shri Jaganatha Rao) :** (a) to (c). The recommendations of the Second Pay Commission do not apply automatically to employees of the Khadi and Village Industries Commission which is an autonomous body set up under the Khadi and Village Industries Commission Act 1956. Having considered the recommendations of a Pay Revision Committee set up by the Commission to make recommendations on the application to the Commission's employees of the recommendations of the Second Pay Commission, the Khadi and Village Industries Commission and Government have decided to apply with effect from 1-7-1963 revised scales of pay to the employees of the Commission on the lines of the scales recommended by the Second Pay Commission.

(d) Yes, from 1-7-1963.

(e) Does not arise.

### खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में नियुक्तियां

1407. { **श्री विश्वनाथ राय :**
**श्री ब्रजेश्वर प्रसाद :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय में कुछ ऊंचे पद बनाये जाते हैं तथा उन्हें संघ लोक सेवा आयोग को भेजे बिना उन पर नियुक्तियां की जाती हैं;

(ख) यदि उत्तर नकारात्मक हो, तो क्या भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के अधीन पहाड़ी प्रदेश विकास के लिये एक विशेष कार्य-अधिकारी का पद बनाया गया था तथा संघ लोक

सेवा आयोग को कोई नियमित सूचना दिये बिना ही एक कनिष्ट अधिकारी को इस पद की पेशकश की गई; और

(ग) क्या यह भी सच है कि संबंधित अधिकारी ने वह पेशकश अस्वीकार कर दी थी ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : (क) भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् में प्रथम श्रेणी तथा द्वितीय श्रेणी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति संघ लोक सेवा आयोग की सलाह से की जाती है, सिवाय उन मामलों में जिनके विषय में संघ लोक सेवा आयोग (सलाह की छूट) विनिमय, 1958 के अन्तर्गत सलाह लेना आवश्यक नहीं है।

(ख) अक्तूबर, 1964 में 1300–60–1600 रुपये के क्रममान में भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के लिए एक विशेष कार्य-अधिकारी (पहाड़ी प्रदेश विकास) का अस्थायी पद स्वीकृत किया गया था। उस काम की अत्यावश्यकता को देखते हुए जिसके लिए यह पद बनाया गया था, यू० पी० कृषि विश्वविद्यालय के अस्थायी प्रवर अधिकारी को बिल्कुल तदर्थ के आधार पर इस पद की पेशकश की गई थी। संघ लोक सेवा आयोग से सलाह नहीं ली गई थी क्योंकि इस पद की पेशकश एक वर्ष से कम अवधि के लिए थी।

(ग) यू० पी० कृषि विश्वविद्यालय जिसके अधीन यह अधिकारी कार्य कर रहा था ने विदेशी सेवा की शर्तों पर कार्य लेने की उस अधिकारी को अनुमति नहीं दी, अतः अधिकारी ने उस पेशकश को अस्वीकार कर दिया।

### Bridge Over Narmada at Omkareshwar

1408. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :**
**Shri Yudhvir Singh :**
**Shri Vishram Prasad :**
**Shri R.S. Pandey :**
**Shri Onkar Lal Berwa :**
**Shri Y. D. Singh :**
**Shri Narendra Singh Mahida :**
**Shri Jagdev Singh Siddhanti :**

Will the Minister of **Transport** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the construction of the bridge over the river Narmada at Omkareshwar had been stopped ; and

(b) if so, the reasons for stopping the construction work of the bridge ?

**The minister of Transport (Shri Raj Bahadur) :** (a) and (b). The proposed bridge over the river Narmada at Omkareshwar falls on a State Road in Madhya Pradesh. The Government of Madhya Pradesh are, therefore, primarily concerned in the matter. It is understood from them that although a tender for the work had been accepted by them in 1958, the design for the bridge had to be changed subsequently in the light of the experience of the floods of 1961. The revised design is stated to have been since finalised and the agreement to be entered into between the State Government and the contractor is said to be in the finalisation stage. The work is likely to be commenced by August, 1965.

### नेफा कला तथा शिल्प प्रदर्शनी

1410. **श्री प्र० चं० बरुग्रा** : क्या **सामाजिक सुरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में नई दिल्ली में कुटीर उद्योग एम्पोरियम में नेफा कला तथा शिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया है; ग्रौर

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

**विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव)** : (क) जी, हां ।

(ख) इस प्रदर्शनी का उद्देश्य नेफा की कला तथा शिल्प का प्रचार करना था ।

### Supply of Food Grains to Maharashtra

1411. **Shri D.S. Patil :**
**Shri Tulsidas Jadhav :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether the Government of Maharashtra have approached the Government of India for supply of 6 lakh tons of rice and 10 lakh tons of wheat to make up its deficit ; and

(b) if so, the quantity of rice and wheat supplied to Maharashtra so far by the Government of India ?

**The Deputy Minister in the ministry of Food and Agriculture (Shri D. R. Chavan).** (a) and (b). For the year 1965 the Government of Maharashtra had asked for a supply of 5 lakh tonnes of rice and over 13 lakh tonnes of wheat.

During the months of January and February, 1965, 65·6 thousand tonnes of rice and 183·8 thousand tonnes of wheat were supplied to Maharashtra from Central Stocks.

### मद्रास राज्य में नलकूप

1412. **श्री मलाइछामी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार के प्रयोगात्मक नलकूप संगठन के माध्यम से रामनाद तथा सेलम ज़िलों में नलकूप लगाने का कोई प्रस्ताव है; ग्रौर

(ख) यदि हां, तो ग्राजकल मामला किस स्थिति में है ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : (क) ग्रौर (ख). भूमि गत जल का सर्वेक्षण करते समय समन्वेषी नलकूप संस्था ने रामनाथापुरम ज़िले में 11 समन्वेषी कुएं छेदे थे जिनमें से 9 के विषय में कार्य बन्द कर दिया गया ग्रौर 2 में से पानी कम मात्रा में मिल सका । चौथी योजना की ग्रवधि में राज्य सरकार के परामर्श से उस ज़िले में कुछ ग्रौर कुएं छेदने का प्रस्ताव है ।

पथरीली भूमि होने के कारण सेलम ज़िले में भू-विज्ञान की दृष्टि से समन्वेषी छेदाई उपयुक्त नहीं है ।

## भेड़ पालन योजना

1413. **श्री मलाइछामी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री 29 सितम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1440 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मद्रास राज्य में कोडाइकनल में भेड़ पालन के लिये प्रस्तावित उपकेन्द्र (सब-स्टेशन) अब स्थापित कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो वहां पर किस प्रकार का अनुसन्धान कार्य किया जायेगा ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : (क) अभी नहीं । हाल ही में मद्रास सरकार ने कोडाइकनल में स्थान उपलब्ध करना स्वीकार कर लिया है । भूमि को कब्जे में लेने के बाद उप-केन्द्र की स्थापना का कार्य शुरू किया जाएगा ।

(ख) उप-केन्द्र स्थापित हो जाने पर उस में उन विदेशी भेड़ों की नस्लों पर अनुसन्धान कार्य किया जाएगा जो दक्षिण के पहाड़ी प्रदेशों की जलवायु सम्बन्धी परिस्थितियों के लिए उपयुक्त होंगी ।

## Employees of Delhi Milk Scheme

1414. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya**: Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that till 1st March, 1964 about 800 employees of the Delhi Milk Scheme became eligible to be confirmed in their posts according to Government rules ;

(b) whether it is also a fact that only about 120 employees out of them have so far been confirmed ; and

(c) if so, the reasons for not confirming the rest of the employees ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Food and Agriculture (Shri Shahnawaz Khan)** : (a) Only 356 posts in the Delhi Milk Scheme were declared permanent upto 1-3-1964.

(b) 146 employees have so far been made permanent against these posts.

(c) The process of confirmation of the individuals against permanent posts involves completion of a number of formalities. Every effort is being made to complete the formalities as soon as possible.

## Bridge at Vardghat on National Highway No. 28

1415. **Dr. Mahadev Prasad** : Will the Minister of **Transport** be pleased to state :

(a) the progress made in the construction of a bridge at Vardghat on National Highway No. 28; and

(b) when this bridge is likely to be opened for traffic ?

**The Minister of Transport (Shri Raj Bahadur)** : (a) and (b). The bridge has been completed, and has been temporarily opened to traffic for restricted hours pending some tests. It would be opened to traffic without restriction in about a month.

## Delhi-Gorakhpur Air Service

**1416. Dr. Mahadev Prasad** : Will the Minister of **Civil Aviation** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a few years ago, Delhi-Gorakhpur air service was being operated ; and

(b) if so, the reasons for discontinuing the same ?

**The Minister of Civil Aviation (Shri Kanungo)** : (a) Yes, Sir.

(b) The service was discontinued due to poor traffic.

## शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता सहकारी समितियां

**1417. श्री गोकुलानन्द महन्ती** : क्या **सामुदायिक विकास तथा सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1963-64 तथा 1964-65 में अब तक देश के शहरी क्षेत्रों में कितनी उपभोक्ता सहकारी समितियां (राज्यवार) स्थापित की गई ?

**सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति)** : एक विवरण, जिसमें केन्द्र द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत 1963-64 और 1964-65 में गठित की गई उपभोक्ता सहकारी समितियों की संख्या दी गई है, सभा-पटल पर रखा जाता है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० ४०३९/65]** केन्द्र द्वारा संचालित योजना के बाहर गठित किये गये उपभोक्ता भण्डारों के बारे में जानकारी तुरन्त उपलब्ध नहीं है।

## मोटर गाड़ी अधिनियम

**1418. श्री वाडीवा** : क्या **परिवहन** मंत्री 5 मार्च, 1963 के तारांकित प्रश्न संख्या 491 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या मोटर गाड़ी दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के समक्ष क्षतिपूर्ति के लिये अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की समय सीमा के बारे में मोटर गाड़ी अधिनियम, 1939 में संशोधन करने के मामले में क्या प्रगति हुई है ?

**परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर)** : मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल में क्षतिपूर्ति के लिये प्रार्थना पत्र देने की 60 दिन की सीमा में उचित वृद्धि करने के लिये आगामी मोटर गाड़ी संशोधन विधेयक में व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

## सरकारी गोदामों में अनाज का स्टाक

**1419. श्री श्रीनारायण दास** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में अधिकतर सरकारी गोदामों में अनाज का स्टाक कम हो गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) फरवरी और मार्च, 1965 में अनाज की मांग और उपलब्धि कितनी थी ?

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण)** : (क) और (ख). 1962-63 में चावल की फसल और 1962-63 और 1963-64 में लगातार दोनों बार गेहूं की फसलें खराब हो जाने के कारण, 1964 में खाद्यान्नों की कीमतें बहुत चढ़ गयीं और

सरकारी खाद्यान्नों के वितरण की मांग बढ़ गयी। इसके फलस्वरूप, सरकारी गोदामों में बड़े पैमाने पर खाद्यान्नों की निकासी हुई और जिससे सरकार के अधिकांश गोदामों में स्टाक कम हो गया।

(ग) प्रत्येक राज्य की आवश्यकताओं की जांच राज्य सरकारों के परामर्श से की जाती है और सभी राज्यों की आवश्यकताओं और केन्द्रीय सरकार के पास खाद्यान्नों की समस्त उपलब्धि को ध्यान में रख कर सप्लाई की जाती है। फरवरी, 1965 में केन्द्रीय स्टाक में से 6 लाख मीट्रिक टन से कुछ अधिक खाद्यान्नों का वितरण किया गया है। मांग बहुत अधिक थी। मार्च महीने के पूरे आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं।

---

# अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

# CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

## केरल में राष्ट्रपति का शासन जारी रखना

**श्री नरेन्द्र सिंह महीड़ा (आनन्द)** : मैं गृह-कार्य मंत्री का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर दिलाता हूं और निवेदन करता हूं कि वह उस संबंध में एक वक्तव्य दें, अर्थात् :—

"केरल में राष्ट्रपति के शासन को जारी रखने के बारे में निर्णय के समाचार"

**गृह-कार्य मंत्री (श्री नन्दा)** : श्रीमान्, अच्छा हो यदि मुझे इस मामले के लिए थोड़ा और अर्थात् शुक्रवार तक का समय दे दिया जाय।

**अध्यक्ष महोदय** : माननीय मंत्री इसका उत्तर शुक्रवार को दे सकते हैं।

---

# विशेषाधिकार-प्रश्न के बारे में

# RE : POINT OF PRIVILEGE

**Shri Madhu Limaye** (Monghyr) : Mr Speaker, Sir. I want to raise a point of privilege under Rule No. 222.

**Mr. Speaker** : I have gone through the point of privilege that the hon. Member wants to raise. There is no point of privilege. He should resume his seat.

**Shri Madhu Limaye** : Shri Shastri made a contradictory statement on the subject in the Rajya Sabha yesterday. The statement made by Shri Dahya Bhai Patel . . .

**Mr. Speaker** : I have repeatedly requested the hon. Member to resume his seat, but he is flouting my orders. I have already informed him that I have disallowed it, even then he goes on speaking. I cannot allow such things to go on in the House. The House may take action if it likes. The hon. Members should not rise in their seats when I am on my legs. I leave it here just now but that should not happen again.

**श्री कन्डप्पन** : श्रीमान्, मुझे आगे कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व एक महत्वपूर्ण निवेदन करना है।

**अध्यक्ष महोदय** : इस ढंग से नहीं। मुझे पहले मामले से अवगत करना आवश्यक है। जब तक वह मुझे लिखकर न दे, मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता। अब सभा पटल पर पत्र रखे जायें।

---

# सभा पटल पर रखे गये पत्र

# PAPERS LAID ON THE TABLE

## नागालैंड के सम्बन्ध में संसद् सदस्यों के दल का प्रतिवेदन

**वैदेशिक कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दिनेश सिंह)** : मैं स्वर्णसिंह जी की ओर से संसद्-सदस्यों के दल के, जिसने फरवरी, 1965 में नागालैंड का दौरा किया था, प्रतिवेदन की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। [**पुस्तकालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल० टी० 4023/65**]।

**श्री त्रिदिव कुमार चौधरी** (बहरामपुर) : मेरा औचित्य प्रश्न यह है कि यह प्रतिवेदन सभा पटल पर नहीं रखा जा सकता है। इसका कोई संविहित महत्व नहीं। किसी राज्य ने इस शिष्टमण्डल को निमंत्रित नहीं किया था। यह दल क्या है? और इसे क्यों नागालैंड भेजा गया?

**श्री दिनेश सिंह** : श्री रंगा ने एक बार प्रधान मंत्री को नागालैंड जाने की बात कही थी। प्रधान मंत्री ने उनकी बात मान ली। संसद् कार्य विभाग ने कुछ लोगों को जाने का निमंत्रण दे दिया। ये लोग अपने खर्च पर वहां गये। वापिस आने पर इन्होंने एक प्रतिवेदन दिया जो सभा पटल पर रख दिया गया है। इसमें कोई अवैधता का प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता।

**श्री त्रिदिव कुमार चौधरी** : मंत्री महोदय के उत्तर ने मामला और उलझा दिया है। यह ठीक है कि देश के किसी भाग में भी जाने के लिए संसद् सदस्य कह सकते हैं, परन्तु क्या इस अध्ययन दल का निर्माण संविहित ढंग से किया गया था?

**श्री बड़े** : श्रीमान् जी, मैं भी चार माननीय सदस्यों के साथ केरल में गया था, क्या मैं भी प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकता हूं?

**Shri Kishen Pattnayak :** All parties were not represented in the study team.

**श्री दाजी** (इन्दौर) : यदि इस दल के प्रतिवेदन को सभा पटल पर रखना था तो इस दल का चुनाव अध्यक्ष महोदय को करना चाहिए था।

**श्री हेम बरूआ** (गोहाटी) : हम भी इस दल में गये थे, इसमें हमें संसद् कार्य मंत्री ने चलने का निमंत्रण दिया था। श्री अजित प्रसाद जैन भी इस दल में थे।

**श्री अ० प्र० जैन** (तुमकुर): मैं भी इस दल का सदस्य था। मैंने व्यक्तिगत रूप से वहां जाने के लिये नहीं कहा था। मुझे वहां जाने का निमन्त्रण संसद्–कार्य मंत्री ने दिया था। हमारा दृष्टिकोण यह है कि सरकार ने कुछ लोगों से नागालैण्ड जाने के लिये कहा। उनके सामने कोई लक्ष्य

विशेष नहीं रखा था, यह अध्ययन दौरा था। वहां की स्थिति का अध्ययन करना था। सभी दलों के लोग उसमें थे। हम लोगों ने एक मत से प्रतिवेदन तैयार किया है। अब आप इसे देख लीजिये कि इसे सभापटल पर रखा जाना चाहिये अथवा नहीं।

नागालैण्ड सरकार और भारत सरकार के बीच क्या बात हुई है उसका हमें कुछ पता नहीं। परन्तु हमें सभी सुविधायें प्रदान की गयीं थीं। इसके लिए मैं नागालैंड सरकार के प्रति अपना आभार प्रदर्शन करता हूं।

**अध्यक्ष महोदय :** हम इस चर्चा को अधिक लम्बा नहीं कर सकते।

**श्री दी० चं० शर्मा** (गुरुदासपुर) : हमें प्रत्येक प्रतिवेदन को सभा पटल पर नहीं रखना चाहिए। मेरे विचार में इस प्रतिवेदन को सभा पटल पर नहीं रखा जाना चाहिए।

**श्री विद्याचरण शुक्ल :** मेरे विचार में इसे सभा पटल पर नहीं रखा जाना चाहिए। इससे सरकार के दृष्टिकोण पर प्रभाव पड़ेगा।

**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती :** संसदीय शिष्टमंडल और संसद शास्त्री लोगों के शिष्टमंडल में अन्तर किया जाना चाहिए।

**श्री कपूर सिंह :** मैं श्रीमती चक्रवर्ती की बात का समर्थन करता हूं।

**श्री प्र० क० देव :** कुछ माननीय सदस्यों की मांग थी कि इसे सभा पटल पर रखा जाये।

**Shri Madhu Limaye:** You should make a decision on this matter, which may be a guiding factor in future.

**श्री दिनेश सिंह :** यह संसदीय शिष्टमंडल नहीं था। इसको सभा पटल पर रखने का हमारा विचार भी नहीं था। हम इस प्रतिवेदन को अध्ययन दल का प्रतिवेदन कह सकते हैं।

**अध्यक्ष महोदय :** इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए। संसदीय शिष्टमंडल नहीं, इसे अध्ययन दल का नाम दिया जाना चाहिए। सरकार को पेश किया गया प्रत्येक प्रतिवेदन सरकारी दस्तावेज नहीं बन जाता। केवल सरकारी दस्तावेजों को ही सभा पटल पर रखा जा सकता है। इसको भी इस समय पटल पर रखे जाने की कोई आवश्यकता नहीं। आगे से संसदीय शिष्टमंडल का निर्माण अध्यक्ष की सलाह से किया जाना चाहिए।

**केरल कृषि नाशक कीट तथा रोग नियम 1959 में कुछ संशोधन करने वाली अधिसूचना**

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम) :** मैं, केरल राज्य के सम्बन्ध में राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई दिनांक 10 सितम्बर, 1964 की उद्घोषणा के खण्ड (ग) (चार) के साथ पठित, केरल कृषि नाशक कीट तथा रोग अधिनियम 1958 की धारा 24 के अन्तर्गत, केरल कृषि नाशक कीट तथा रोग नियम, 1959 में कुछ संशोधन करने वाली अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० 256/64 की, जो दिनांक 1 सितम्बर, 1964 के केरल बजट में प्रकाशित हुई थी, एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल० टी० 4028/65]**

**गंगा-ब्रह्मपुत्र जल परिवहन बोर्ड का 1964 के वर्ष का प्रतिवेदन**

**परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर)** : मैं गंगा ब्रह्मपुत्र जल परिवहन बोर्ड के वर्ष 1964 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 4029/65]**

**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के लेखे का वार्षिक समेकित विवरण और वार्षिक प्रतिवेदन**

**सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति)** : मैं, श्री स० कु० डे० की ओर से राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अधिनियम, 1962 की धारा 14 की उपधारा (3) के अन्तर्गत, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के वर्ष 1963-64 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति, लेखे के वार्षिक समेकित विवरण की एक प्रति के साथ, सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 4030/65]**

**भारतीय केन्द्रीय सुपारी समिति, भारतीय केन्द्रीय नारियल समिति और भारतीय केन्द्रीय तम्बाकू समिति के वार्षिक प्रतिवेदन**

**खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण)** : मैं, श्री शाहनवाज खां की ओर से निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(एक) भारतीय केन्द्रीय सुपारी समिति की वर्ष 1963-64 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति।

(दो) भारतीय केन्द्रीय नारियल समिति की वर्ष 1963-64 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति।

(तीन) भारतीय केन्द्रीय तम्बाकू समिति की वर्ष 1963-64 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति।

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिए क्रमशः संख्या एल० टी० 4031/65, 4032/65 और 4033/65]**

**भारत-श्रीलंका करार की कार्यान्विति के बारे में भारत और श्रीलंका के अधिकारियों के बीच हुई चर्चा के स्वीकृत निष्कर्षों की प्रति**

**वैदेशिक कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दिनेश सिंह)** : मैं 30 अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका करार की कार्यान्विति के बारे में दिसम्बर, 1964 में भारत तथा श्रीलंका के अधिकारियों के बीच हुई चर्चा में स्वीकृत निष्कर्षों की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं।

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 4034/65]**

---

## सामान्य आय-व्ययक—सामान्य चर्चा—जारी

## GENERAL BUDGET—GENERAL DISCUSSION—*contd.*

**अध्यक्ष महोदय :** श्री द्वा० ना० अपना भाषण जारी रख सकते हैं।

**श्री द्वा० ना० तिवारी** (गोपालगंज) : पिछली शाम मैंने अपने भाषण के दौरान वित्त मंत्री महोदय से निवेदन किया था कि वह इस बात का प्रयत्न करें कि घाटे की अर्थ-व्यवस्था न हो। उस सम्बन्ध में मैंने कहा था कि रिजर्व बैंक द्वारा जो ऋण लिये जा रहे हैं वे एक प्रकार से घाटे की अर्थ-व्यवस्था है। लाल किरोसीन तेल को अधिकतर निर्धन तथा मध्य श्रेणी के लोग उपयोग में लाते हैं। अतः मैंने वित्त मंत्री से अनुरोध किया था कि वह इस पर लगे हुए शुल्क को हटा दें। वित्त मंत्री महोदय को राज्यों के कर्मचारियों के वेतनों में वृद्धि करने के लिए राज्य सरकारों को तदर्थ नये संसाधनों को उपलब्ध करवाना चाहिए जिससे कि राज्य सरकारें अपने कर्मचारियों के वेतनों में आवश्यक वृद्धि कर सकें और कर्मचारियों में फैले हुए असन्तोष को दूर कर सकें। केवल केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के वेतनों में ही पर्याप्त वृद्धि करना वांछनीय नहीं है।

वित्त मंत्री महोदय को कुछ वस्तुओं पर लगाये गये नये करों को कम करने के बारे में भी उदारता तथा सहानुभूति से विचार करना चाहिए जिनका भार व्यापारियों पर न पड़ कर अन्त में उपभोक्ताओं पर पड़ जाता है। वित्त मंत्री का शहरी सम्पत्ति पर अधिकतम सीमा लगाने के बारे में कार्य आरम्भ करने का कदम सराहनीय है।

जहां तक योजना का सम्बन्ध है, प्रत्येक क्षेत्र की प्रगति का उचित ध्यान रखा जाना चाहिए। बिहार की स्थिति इस सम्बन्ध में अत्यन्त दयनीय है। बिहार में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन होने के बावजूद भी औद्योगिक विकास के मामले में वह अन्य राज्यों से पिछड़ा है। बिहार में प्रति व्यक्ति औसत आय 200 रुपये से कम है और उत्तर बिहार में तो वह 150 रुपये से भी कम है जबकि समस्त भारत की औसत आय 330 रुपये प्रति व्यक्ति है। यदि बिहार में उपलब्ध संसाधनों का उचित रूप से विकास किया जाय तो वह भारत का रुहर हो सकता है।

ऊंची सेवाओं में भी बिहारियों को सरकारी उपक्रमों अथवा गैर-सरकारी उपक्रमों में भी बहुत कम स्थान प्राप्त हैं। सम्पूर्ण भारत की औसतन 70 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं किन्तु बिहार में 85 प्रतिशत से भी अधिक और उत्तर बिहार में तो लगभग 90 प्रतिशत तक लोग कृषि पर ही निर्भर रहते हैं फिर भी वहां सिंचाई सम्बन्धी सुविधायें बहुत कम हैं। अन्य स्थानों की तुलना में बिहार में बिजली की दर भी अधिक ऊंची है।

बिहार में कुछ चीनी की मिलों के अतिरिक्त मुश्किल से ही और कोई उद्योग है। बिहार का जूट कलकत्ता को जाता है और वहां के कृषकों को बंगाल के कृषकों की तुलना में कम पैसा दिया जाता है। बिहार में सहकारी चीनी कारखाने, जूट कारखाने और खोई से कागज बनाने के कारखाने स्थापित करने की काफी गुंजाइश है। अतः मैं वित्त मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि वह बिहार में विकास के स्तर को देश के दूसरे स्थानों के विकास स्तर तक लाने का प्रयत्न करें।

[श्री द्वा० ना० तिवारी]

लोगों की दशा दिन प्रति दिन बिगड़ती जा रही है और यदि इस सम्बन्ध में कुछ उपाय नहीं किये गये तो लोग निराश हो जायेंगे और इसके परिणाम गम्भीर होंगे और सरकार के लिए स्थिति का सामना करना कठिन हो जायेगा।

**श्री के० द० मालवीय** (बस्ती) : कम आय वाले वर्ग को दी गई राहत पर्याप्त नहीं है। वास्तव में उन्हें कुछ राहत देनी है तो आपातकाल के कारण वर्ष 1963-64 में जो अतिरिक्त अतिभार लगाया गया था उसे हटाया जाना चाहिए। राहत दिये जाने के बावजूद आय-व्ययक प्रस्तावों में 7,500 रुपये की आय से तुरन्त निम्न वर्ग पर कर-भार की प्रतिशतता वर्ष 1962-63 की तुलना में अधिक है। जबकि अधिक आय वाले वर्ग के मामले में इसे काफी सीमा तक हटा दिया गया है।

छूट और कर सम्बन्धी ऋणों के रूप में दिये गये प्रोत्साहन से अनुचित प्रवृत्तियों और समाज के एक भाग में चालाकी करने की वृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। इससे बचत अथवा ठीक और बिखरे हुए ढंग से उद्योगों के विकास को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा। आय-व्ययक के प्रस्तुत किये जाने के तीन सप्ताह बाद भी मूल्य कम नहीं हुए हैं।

कांग्रेस ने जिन नीतियों में निष्ठा प्रकट कर रखी है उन पर वह नहीं चल रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि वित्त मन्त्री और सरकार को सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं के प्रयोजनात्मक और कार्य-साधन होने के बारे में सन्देह है। ऐसा मालूम होता है किसी हद तक उन्हें भारतीय उद्योगपतियों के हमारे आर्थिक विकास कार्य में सहायक होने के बारे में सन्देह है। यही कारण है कि भारी मात्रा में विदेशी औद्योगिक पूंजी हमारी अर्थ-व्यवस्था पर लादी जा रही है। इस प्रकार हमारे औद्योगिक नीति संकल्प का नया अर्थ निकाला जा रहा है। किसी भी गुट में शामिल न होने के सिद्धान्त को, जिसे कि स्वर्गीय प्रधान मन्त्री ने आर्थिक क्षेत्र में भी लागू किया था, बदल दिया गया है। हमारी आर्थिक समस्याओं को हल करने के लिए जो नये साधन अपनाने का प्रयत्न किया जा रहा है वह फलमूलक पहलू वाले निराशावादी दृष्टिकोण और हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए हानिकारक सिद्धान्त पर आधारित है।

वित्त मन्त्री महोदय की नीति से ऐसा प्रतीत होता है कि वह औद्योगिक नीति सम्बन्धी संकल्प को एक नया ही रूप दे रहे हैं और उसके बारे में अपना विचार प्रकट नहीं कर रहे हैं। आज अन्तर्राष्ट्रीय सैनिक स्थिति को देखते हुए यह नीति हानिकारक प्रतीत होती है।

हमारे महान् नेता जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रतिपादित तटस्थता की नीति न केवल भारत के विदेशी कार्यों में ही लागू रही बल्कि इसको आर्थिक-क्षेत्र में भी लागू किया गया। और यह उन्ही का दिमाग था कि वे आर्थिक विकास के लिए अमरीका की अपेक्षा रूस से अधिक उदार शर्तों पर सहायता प्राप्त कर सके। इस प्रकार राजनीतिक तटस्थता का आर्थिक तटस्थता पर भी प्रभाव पड़ा और वे एक दूसरे पर निर्भर हो गये।

हमारे वित्त मन्त्री का इरादा है कि देश में या विदेश में जहां से भी पूंजी मिल सके उसे प्राप्त किया जाए और इस प्रकार आर्थिक समस्याओं को हल करने के लिए जो नये साधन ढूंढे जा रहे हैं वे हमारी भावी पीढ़ियों के लिये हानिकारक सिद्धान्तों पर आधारित हैं।

भारत में हाल के वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी प्रगति हुई है। लेकिन ज्ञात हुआ है कि पटसन, सूती कपड़ा और चीनी जैसे हमारे रूढ़िगत और प्राचीन उद्योगों का विकास रसायन, इंजीनियरी और

धातु कार्मिक उद्योगों की तुलना में बहुत कम हुआ है। राज्यों द्वारा हस्तक्षेप किये जाने और स्वामित्व के फलस्वरूप इन उद्योगों को आवश्यकता से अधिक महत्व दिया गया है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि इस अवधि में नये उद्योगों में तो प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की दर से प्रगति हुई है और 1956 के बाद से पुराने उद्योगों की प्रगति में लगभग 2.5 प्रतिशत की कमी हुई है। इसके कारण स्पष्ट हैं। मैं मानता हूं कि इन उद्योगों में इसलिए कम प्रगति हुई है कि ये उद्योग कृषि-प्रधान हैं लेकिन नये उद्योगों की अधिक प्रगति अर्थ-व्यवस्था के आधुनिकीकरण और सरकारी क्षेत्र में आयोजन और मूल उद्योगों पर निर्भर रहने के कारण हुई है।

अब समय आ गया है जबकि इस बात की जांच की जाय कि गैर-सरकारी क्षेत्र के बड़े उद्योगों ने अब तक काम में तेजी लाने, उत्पादन आरम्भ करने में देर लगाने और धन के अपव्यय के सम्बन्ध में क्या रवैया अपनाया है। इसका ज्वलन्त उदाहरण 'बरेली सिन्थेटिक रबड़ फैक्टरी' है जो कुछ वर्ष पूर्व स्थापित की गयी थी। उसकी जांच की जाये।

हम आत्म-विश्वास की बात करते रहे हैं और आत्म-सम्मान के तौर पर बर्ताव कर रहे हैं लेकिन हम ऐसी प्रणाली के बनाने में और विश्वास पैदा करने में असफल रहे हैं जिससे हम देश की रुकी हुई प्रगति को तेज कर सकें। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लोगों की शक्ति केवल तभी बढ़ायी जा सकती है जब राष्ट्र के नेता लोग आर्थिक आदर्शों के लिए समाजवादी मार्ग अपनाने से न हिचकिचाएं। भारत में सुदृढ़ और ठोस नींव तभी पड़ सकती है जब हमारी छिपी योग्यता को कांग्रेस द्वारा पारित समाजवाद सम्बन्धी संकल्पों को अपना कर बिना किसी हिचक के उनको क्रियान्वित करके बाहर लाया जाए। इसके लिए लोगों में आशा का संचार किया जाए और उनके लिए प्रोत्साहन का वातावरण स्थापित किया जाए।

मैं यह चाहता हूं कि सरकार इस बात पर नये ढंग से सोचे और अपने विचारों को बदले ताकि वर्तमान निर्भरता के वातावरण को आशा के वातावरण में बदलने के लिए नये तरीके अपनाए जाएं।

हमें इस बात का एक ही बार निर्णय कर लेना चाहिए कि भारत को अपनी अर्थ-व्यवस्था का विकास अधिकतर स्वयं करना है। अब समय आ गया है जबकि हमें औद्योगिक नीति संकल्प का पालन करना चाहिए और यह प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि हम इससे परे नहीं जाएंगे।

तेल उद्योग के सम्बन्ध में सरकार आत्म-विश्वास और आत्म-सहायता पर निर्भर रही है जबकि उर्वरक उद्योग के सम्बन्ध में ऐसा नहीं किया गया है। तेल उद्योग में 90 प्रतिशत से भी अधिक सहायता समाजवादी देशों से ली गई जो अपनी जानकारी हमें देना चाहते थे। हमारे देश में इंजीनियर और डिज़ाइन बनाने वाले व्यक्ति काफी मात्रा में हैं और उर्वरकों के उत्पादन के लिए लगभग सभी सन्यन्त्र और मशीनें, केवल कुछ को छोड़ कर, भारतीयों द्वारा चलाई जा सकती है। यदि हम ऐसा करते हैं तो लगाई गई पूंजी पर होने वाला लगभग 20 प्रतिशत लाभ विदेशी विनियोजकों को देने के बजाय हम स्वयं ले सकेंगे। इससे आरम्भिक कठिनाइयां दूर होंगी। सारा विनियोजन हम पांच वर्षों में वसूल कर सकते हैं और विदेशी मुद्रा पर भार भी कम पड़ेगा।

मैं यह बात नहीं मानता कि कृषि के क्षेत्र में सभी कठिनाइयां उर्वरकों की कमी के कारण हैं। इस दृष्टिकोण से उर्वरकों की कमी दूर की जा सकती हैं। अपने देश में उर्वरक बनाने में कुछ समय लग सकता है लेकिन उससे कोई विशेष हानि नहीं होगी। इतने समय में हम ठीक ठीक वितरण के लिये अपनी प्रशासनिक व्यवस्था को सुधार सकते हैं। सरकार को समूची प्रशासनिक

[श्री के० द० मालवीय]

व्यवस्था को सुधारना चाहिए और पुराने तरीकों की जगह नए तरीके लागू करने चाहिएं। यदि हम अपनी प्रशासनिक व्यवस्था को नहीं बदल सकते तो थोड़े समय में समाजवाद की स्थापना करने की बात करना निर्थक है।

मुझे आशा है कि सरकार समूची स्थिति पर विचार करेगी और अपने कार्य आत्म-सहायता और आत्म-विश्वास के आधार पर करेगी।

**श्री नाथ पाई** (राजापुर) : अध्यक्ष महोदय, यह आय-व्ययक चालाक तथा समृद्ध व्यक्तियों के लिए एक बुद्धिमान व्यक्ति द्वारा बनाया गया आय-व्ययक है।

वास्तव में एक कल्याणकारी अर्थ-व्यवस्था की स्थापना करने के बजाय हम एक बहुवंशीय अर्थ-व्यवस्था स्थापित कर रहे हैं। यह आय-व्ययक ऐसे दल का है जो समाजवाद लाने के लिए कटिबद्ध हैं और जो यथेच्छाकारिता अपनाए हुए हैं।

इस आय-व्ययक पर आपातकाल में फंसे देश के आय-व्ययक के रूप में विचार करना है। देश में अनेक समस्यायें हैं और सीमाओं पर बड़ी गम्भीर घटनाएं हो रही हैं। स्वतन्त्रता के बाद विदेशों में हमारी इज्जत कम हुई है। हम जिस आयोजन रूपी रथ पर बैठ कर समृद्धि तथा बहुतायत रूपी जिस मन्दिर की ओर जाना चाहते हैं वह प्रशासनिक अदक्षता और अक्षमता के पंक में धंसा हुआ है और नीचे की ओर जा रहा है।

वर्तमान शासन में भ्रष्टाचार बहुत फैला हुआ है जिसने राजनीतिक जीवन की जड़ें खोखली कर दी हैं और जो जनता के उत्साह को क्षीण कर रहा है।

समूचे रूप से केन्द्रीय सरकार का प्राधिकार बहुत ही क्षीण हो गया है। केन्द्रीय सरकार का प्राधिकार इतना दुर्बल है कि वह राज्यों को किसी भी मुख्य राष्ट्रीय समस्या पर एक सी नीति अपनाने का आदेश मनवाने में असमर्थ है चाहे वह भाषा का मामला हो, आय-व्ययक बनाने का प्रश्न हो, देश के जल-संसाधनों के वितरण जैसे मामले हों अथवा राज्यों के बीच सीमा पर निर्णय लेने का मामला हो। कृष्णा-गोदावरी जल-विवाद सरकार की अयोग्यता का ज्वलन्त उदाहरण हैं। सरकार के कुप्रबन्ध के कारण ही खाद्य-संकट पैदा हुआ है। इस सरकार को साधारण व्यक्तियों की सरकार कहा जा सकता है जो अक्षम व्यक्तियों द्वारा असहाय व्यक्तियों के लिए चलायी जा रही है।

चाऊ-एन-लाई का कहना है कि नेफा तथा अन्य क्षेत्रों में 80,000 वर्ग मील, भारतीय भूमि पर उनका दावा है। हमें इस पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए।

यह ऐसा आय-व्ययक नहीं है जिससे समाजवाद को स्थापित करने का वचन पूरा हो। हमारा पहला लक्ष्य इस वचन को पूरा करना है और दूसरा लक्ष्य चीनियों ने भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करके हमें जो नीचा दिखाया है और शरमिन्दा किया है, उसे दूर करना है। क्या यह एक ऐसा उपकरण है जिससे हम इस देश की बुनियाद को मजबूत बना सकें जिससे किसी भावी आक्रमणकारी के लिए हमें दो बारा इस प्रकार नीचा दिखाना सम्भव न हो। इस आय-व्ययक से ऐसी कोई भी बात पूरी नहीं होती।

यह कहना तथ्यों का उपहास करना है कि सरकार ने नए भार नहीं बढ़ाए हैं। श्री ति० त० कृष्णमाचारी जो तरीके अपना रहे हैं उनमें से एक यह अप्रकट आय-व्ययक पेश करना है। कुछ महीने हुए उन्होंने कुछ रियायत दी थी। लेकिन उनसे क्या लाभ हुआ। उन्होंने नए उद्योगों में लगायी जाने

वाली अंश पूंजी पर 5 से 10 प्रतिशत की रियायत दी थी। इसके कुछ दिन बाद उन्होंने 10 प्रतिशत विनियानिक शुल्क की घोषणा कर दी थी। ऐसी व्यवस्था बजट प्रस्तावों के रूप में न करके अलग से की जाती है। इस प्रकार के बजट को प्रोत्साहन नहीं दियां जाना चाहिए।

आज भारत में सामान्य व्यक्ति का उपभोग स्तर सबसे कम है। हर रोज रुपये का मूल्य गिर रहा है। 1964 में अर्थ-व्यवस्था की सबसे बड़ी बात मूल्यों में लगातार वृद्धि हैं। भारत के रिजर्व बैंक के सर्वेक्षण में बताया गया है कि 4 सितम्बर, 1964 को समाप्त होने वाली अवधि में मूल्यों में वृद्धि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किन्हीं भी बारह महीनों की तुलना में सबसे अधिक रही है। खाद्य पदार्थों के मूल्य में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, औद्योगिक कच्चे माल के मूल्य में 21 प्रतिशत वृद्धि हुई है और अन्य निर्मित वस्तुओं के मूल्यों में भी इसी प्रकार वृद्धि हुई है। लेकिन सामान्य व्यक्ति पर बढ़ते हुए मूल्यों के प्रभाव को खाद्यान्न के मूल्यों में वृद्धि से देखा जाता है। गेहूं के मूल्य में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और चने के मूल्य में 108 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनता को यह लाभ मिल रहा है।

सरकार अक्सर काहिरा का उदाहरण देती है लेकिन वहां क्या हुआ। काहिरा में 1952 के बाद खाद्यान्नों के मूल्य वास्तव में गिरे हैं और आज वहां पर रोटी उसी मूल्य पर बिक रही है जिस मूल्य पर वह नासर द्वारा शासन संभालने के फौरन बाद बिक रहीं थी। श्री सुब्रह्मण्यम को इस पर विचार करना चाहिए।

वह व्यापारियों द्वारा जमाखोरी की बात करते हैं। पी० एल० 480 के अन्तर्गत जो अनाज आता है उसको ठीक से नहीं उतारा जाता। सरकार को चाहिए कि वह माल उतारने की ज़िम्मेवारी जनता पर न डाल कर अपना 'स्टाक' बनाए।

हमने कई बार जमाखोरी और चोर बाजारी के बारे में चिन्ता व्यक्त की है। क्या सरकार का यह कर्त्तव्य नहीं है कि वह जमाखोरों और चोर-बाजारियों के विरुद्ध भारत प्रतिरक्षा नियमों को लागू करे? लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और फलस्वरूप मूल्य बढ़े और अर्थ-व्यवस्था की स्थिति में कोई स्थिरता नहीं रही।

भारत सरकार की पत्रिका 'इण्डियन लेबर जरनल' में अखिल-भारतीय उपभोक्ता औसत मूल्य देशनांक से स्पष्ट है कि 1951 में 111 रुपये में जो कुछ खरीदा जा सकता था उसके लिए अब 156 रुपये चाहिएं।

12 वर्षीय राष्ट्रीय रक्षा प्रमाणपत्र जो 1957 में शुरू किये गये थे, उन पर 1964 में 133 रुपया मिलेगा। उसमें लगाये गये धन पर कोई ब्याज नहीं दिया जाता और इसके अतिरिक्त रुपये का मूल्य भी गिर गया है। इससे लोगों को रक्षा प्रमाणपत्र खरीदने के लिए प्रोत्साहन नहीं मिलता बल्कि उससे उसकी क्रय-शक्ति कम हो जाती है।

मूल्यों को बढ़ने से रोकने में सरकार को असफलता एक बड़ी असफलता है जो अन्ततोगत्वा लोगों के मनोबल को धक्का पहुंचाती है और इस कारण हमें एक स्वतंत्र देश के रूप में रहने के लिए दुर्बल बनाती है।

1963 और 1964 में भारी मात्रा में अतिरिक्त कर लगाये गये थे। जनता ने देश की स्वतंत्रता की रक्षा के हित में इन भारों को स्वेच्छा से सहर्ष स्वीकार किया। लेकिन इन भारों को वहन करने में सरकार ने पहल नहीं की।

[श्री नाथ पाई]

में आपको खतरे के बारे में कह रहा था। पूर्व इसके कि मैं आर्थिक दृष्टिकोण पर आऊं, मैं आपको यह बता दूं कि हमारी सीमाओं पर क्या हो रहा है। कल ही हमारे वैदेशिक कार्य मंत्री ने सूचना दी कि तीन दिन तक लगातार पाकिस्तानी अन्सार और उनकी सशस्त्र कान्स्टेबलरी ने आक्रमण किये। सारे भारत की सीमा ऐसे प्रतीत होती है जैसे कि यह नागाओं के लिये निशानेबाजी का स्थान हो, अथवा पाकिस्तानियों के परेड करने का मैदान हो या चीनियों के खेत का मैदान हो कि वे जब चाहें यहां आवें और जब चाहें चले जावें।

यदि दूसरी ओर देखें तो जनता को बहुत कष्ट सहना पड़ रहा है। यह नकली प्रकार का समाजवाद है। आप किसी भी देश को लीजिये, चाहे वहां की सामान्य स्थिति के समय अथवा आपातकाल स्थिति के समय, कहीं भी जनता को इतना बोझ नहीं उठाना पड़ा, जितना यहां की जनता को उठाना पड़ रहा है। जनता चाहती है कि उनके इस बोझ का अब कोई फल मिले। परन्तु यहां तो यह सारा बोझ ऐसे दिखाई देता है कि नाली के रास्ते जा रहा हो।

इस सरकार का काम केवल परिवर्तनवादी नारे लगाना तथा उन्हें पूरे न करने का ही रह गया है। यह दिन रात चिल्लाते हैं कि परिवर्तन लावेंगे परन्तु पूरा कभी नहीं करेंगे। मुझे तो यह केवल "छाया की लड़ाई" दिखाई दे रही है।

मैं यह मानता हूं कि हमारे पास कुछ बड़े अच्छे, ईमानदार तथा समर्पित अधिकारी हमारे कार्यालयों में हैं परन्तु अधिकतर तो उनमें ऐसे हैं कि आप उनके भरोसे समाजवाद नहीं ला सकते। उनमें से ऐसे भी हैं कि आज तो सरकारी उपक्रम के अध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे हैं परन्तु नज़र है किसी निजी उद्योग पर जहां कि वह सरकारी नौकरी से निवृत्त होते ही उसे चले जाना है। क्या यही ढंग है जिससे कि आप समाजवाद लावेंगे? श्री रूज़वेल्ट तथा तत्पश्चात् श्री केनेडी को अमरीका के प्रशासन में नये नवयुवकों को लाना पड़ा क्योंकि वे वहां कुछ करना चाहते थे। श्री कृष्णमाचारी भी एक बार कुछ इसी प्रकार का विचार कर रहे थे। परन्तु दिखाई ऐसा देता है कि वे केवल निजी बातचीत में ही ऐसा कहते हैं और बाद में जब अपने कार्यलय में जाते हैं तो सब कुछ भूल जाते हैं।

नवयुवकों को प्रशासन में लाने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने नवयुवकों को बाहर भेजें और नये विचार धारण करें और दूसरा यह कि नवयुवकों को थोड़े समय के लिये बाहर से ठेके पर लाया जावे।

इस समय हमारे प्रशासन में बहुत ही अनुशासनहीनता है और सबसे अधिक वह वैदेशिक कार्य मंत्रालय में है। अभी थोड़े दिन पहले हमारे एक राजदूत तथा एक दूत ने जब उनका स्थानान्तरण हुआ तो उन्होंने जाने से इन्कार कर दिया कि उन्हें वहां की जलवायु अच्छी नहीं लगती अथवा वह देश अच्छा नहीं लगता।

कल विदेशी सहायता के बारे में कुछ कहा गया था। मैं तो विदेशों से रुपया उधार लेने के अधिक हक में हूं न कि अन्धाधुंध बाहर की पूंजी अपने देश में लगवाने से। वैसे यदि अच्छी शर्तों पर विदेशी पूंजी लग जावे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

यदि हम समता चाहते हैं तो हमें ऐसी विदेशी पूंजी से पीछा छुड़ाना होगा जिसने इस शताब्दी में हमें बोझ से मारे रखा। यदि हम गम्भीरता से उस वचन का पालन करें जो हमने जनता को दिया है तो हमारा बजट ऐसा होना चाहिये कि एक ओर तो उससे अधिक उत्पादन बढ़े और दूसरी ओर उससे समानता फैले।

**श्री मुरारका** (झुंझनू) : अध्यक्ष महोदय, मैं वित्त मंत्री को उनके बजट के लिए बधाई देना चाहता हूं कि वे बजट के द्वारा कुछ परिवर्तन लाये हैं। इस बजट को हमें बहुत पहलुओं से देखना होगा। एक ओर तो मुद्रास्फीति तथा मूल्यों का बढ़ना और दूसरी ओर विदेशी मुद्रा की गम्भीर परिस्थिति है। हमारे औद्योगिक उत्पादन में भी रोक भी लग गई है। एक ओर हमारे कारखाने कुछ मात्रा में खाली खड़े हैं तो दूसरी ओर हमारी मांग भी पूरी नहीं हुई है। हमारे रक्षा तथा विकास के कार्यों के लिये काफी मांग है। हमारे देश म जनसंख्या बढ़ती जा रही हैं और नगरों में बहुत भीड़ होती जा रही है।

इसलिये मेरे विचार म आधुनिक बजट को केवल आय तथा व्यय का विवरण ही न समझा जावें, बल्कि इस बहुत पहलुओं से देखा जाना चाहिये। इस बजट से उत्पादन को सहायता मिली हैं तथा निर्यात भी बढ़ाने वाला है। इससे बचत भी बढ़ेगा और मुद्रा-स्फीति को भी रोकेगा। जो रियायत वित्त मंत्री ने दी हैं उनकी हमारे देश को आर्थिक दृष्टि से आवश्यकता भी है।

वित्त मंत्री ने कहा है कि उनका बजट बचत का बजट है। पिछले 15 वर्ष में 1 बजट प्रस्तुत किये गये उनमें से 7 तो बचत के बजट थे तथा 8 घाट के बजट थे।

[**उपाध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

इनमें से सिवाय एक बजट के जो 1957-58 में प्रस्तुत किया गया था, बाकी सारे बजट अन्त में बचत के ही बजट निकले। हमें अपने बजट बनाने के तरीके में सुधार करना होगा।

अच्छे बजट की पहचान यह है कि वह घाटे का बजट न हो। वैसे मुद्रास्फीति का बड़ा कारण यह होता है कि आप उत्पादन से अधिक व्यय करते हैं। रुपया का अधिक होना अथवा मूल्यों की वृद्धि होना तो मुद्रास्फीति के कारण नहीं अपितु कार्य हैं। इसलिये इसका इलाज तो केवल अधिक उत्पादन ही है।

वित्त मंत्री ने बैंक की दर बढ़ा दी है ताकि लोग वहां से कम रुपया उधार लें, परन्तु उसके विरुद्ध उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के लिये 38 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। ऐसे ही इस वर्ष हमने रक्षा पर व्यय करने के लिये 872 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। ऐसे ही कुछ और खर्च हैं जिन पर खर्च करने से हमें जल्दी ही फल नहीं मिलेगा। इन सबका परिणाम अधिक मुद्रास्फीति ही होगा।

वित्त मंत्री काफ़ी प्रयास कर रहे हैं कि सरकारी व्यय कम हो परन्तु ऐसा करने में वे पूरी तरह सफल नहीं हो पाये हैं।

बैंक दर बढ़ाने का एक बुरा प्रभाव यह भी पड़ेगा कि उत्पादन के लिये रुपया मिलना कठिन हो जावेगा। वैसे वित्त मंत्री ने उत्पादन बढ़ाने के लिये कुछ रियायत दी है, जैसे

[श्री मुरारका]

कि उन्होंने 20 प्रतिशत छूट निगम कर में दी है। परन्तु उन्होंने कोई सामान्य प्रोत्साहन उत्पादकों को नहीं दिया है। विशेषकर कृषि उत्पादकों को और न ही उन्होंने छोटे उत्पादकों को कोई बढ़ावा दिया है। वैसे प्रोत्साहनों में सबसे बड़ा प्रोत्साहन लाभ का होता है। बाकी के तो सारे प्रोत्साहन थोड़े ही दिन चलने वाले होते हैं। रूस में भी आजकल इस सिद्धान्त को मान लिया गया है।

वित्त मंत्री ने उत्पादन की लागत कम करने की दिशा म कुछ नहीं किया है। मुद्रास्फीति रोकने की दिशा में यह बहुत महत्वपूर्ण है।

वित्त मंत्री को मैं बधाई इस बात पर भी दूंगा कि उन्होंने कर के ढांचे को आसान करने की बात भी कही है और उन्होंने इस दिशा में कुछ किया है चाहे वह थोड़ा ही है। यह कर का ढांचा बहुत ही पेचीदा था।

मैं इन कर के कानूनों के बारे में कुछ सुझाव दे दूं जिससे कि एक ओर तो यह जनता को स्वीकार हों और दूसरी ओर कर वसूल करने वाले अधिकारियों का भी बोझ कम हो। मेरा पहला सुझाव यह है कि हम एक आन्तरिक राजस्व संहिता रखें जिससे कि सारे परोक्ष कर एक स्थान पर सरल भाषा में संगठित कर दिये जावें। दूसरे हमें एक संगठित कर विवरणी दो जिसमें आय कर, धन कर, दान कर तथा व्यय कर एक ही ढंग से दिखाये गये हों। तीसरे हमें एक ऐसा ढंग अपनाना चाहिये जिससे कम आय के व्यक्तियों के करों में से छूट दी जावे। इनमें व व्यक्ति हों जिनकी आय 10 या 15 हज़ार रुपये से कम हो।

एक आरोप जो बजट के विरुद्ध लगाया गया है और कुछ हद तक उचित भी है, वह है कि इसमें पूंजी बाज़ार को बढ़ावा देने को व्यवस्था अधिक नहीं है। इसमें यह नहीं है कि वित्त मंत्री ने उसे कोई हानि पहुंचाई है बल्कि यह कि जितनी आशा वित्त मंत्री से बांधी थी वह पूरी नहीं कर पाये और इस कारण लोगों को निराशा हुई है।

पूंजी कर के विकास में पहली कठिनाई लाभाशं कर है। लाभाशं कर किसी अंशधारी को दिये जाने वाले बाज़ार लाभाशं पर $7\frac{1}{2}$ प्रतिशत लगाया जाता है। लोग बिना किसी आशा के अंशों में धन नहीं लगाते।

[**अध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए
MR. SPEAKER *in the Chair*]

किसी अच्छे व्यापार, उद्योग अथवा बैंक को धन 7 या 8 प्रतिशत पर दिया जा सकता है। अधिमान प्राप्त अंश $9\frac{1}{2}$ प्रतिशत कर रहित खरीदे जा सकते हैं। ऋण-देत्र 9 प्रतिशत पर खरीदे जा सकते हैं। ऋण 12 अथवा 15 प्रतिशत व्याज पर दिया जा सकता है। इसलिए लोग उन अंशों में पूंजी क्यों लगायें जिनसे लाभ 5 या 6 वर्षों बाद होगा और उस लाभाशं पर कर भी देना पड़ेगा। वित्त मंत्री को इस प्रस्ताव पर पुनः विचार करना चाहिये। यदि लाभाशं कर लगाया गया हो तो बोनस-कर भी लगाना ह होगा परन्तु फिर भी दानब-कर पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। क्योंकि बोनस-अंशों के कारण पहले के अंशों का मूल्य गिर जाता है। लाभाशों से होने वाली आय को अणुपार्जित आय माना जाता है जबकि सरकारी प्रतिभूतियों या वार्षिकियां से होने वाली आय को अर्जित आय माना जाता है। मेरा विचार है कि दोनों प्रकार की आय को समान माना जाय।

न्यास अधिनियम में संशोधन किया जाना चाहिये और उसे जीवन बीमा निगम अधिनियम के अनुसार बनाना चाहिये । इस समय, न्यास की निधियों को औद्योगिक प्रत्याभूतियों में लगाने की अनुमति नहीं है । 'स्टाक एक्सचेंजों' पर लागू सीमा पद्धति में भी उपयुक्त संशोधन किया जाना चाहिये । अंतर–निगम धन विनियोग सम्बन्धी उपबन्धों को बहुत कड़ा किया जा रहा है । उस पर विचार करना चाहिये और ढील दी जानी चाहिये ।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुये
MR. DEPUTY SPEAKFR *in the chair*]

अब में कराधान के मामले में अत्यधिक प्रशासनिक प्राधिकार की ओर आता हूं । प्रतिवर्ष वित्त मंत्री इस बात की मांग करते रहते हैं । इस वर्ष भी उन्होंने इस सम्बन्ध में तीन महत्वसुर्ण शक्तियां लेने की बात कही है । इस मामले पर बहुत सी समितियों ने विचार किया है । इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा नियुक्त एक समति केन्द्रीय उत्पादन शुल्क पुनर्गठन समिति, जिसे चन्दा समिति कहां जाता है, ने बताया है कि कैसे कर–विधियों को लागू किया जाता है । जब एक मामले में लोक–लेखा समिति ने स्पष्टीकरण मांगा तो विभाग ने बताया कि एक मामले में राजस्व में हुआ घाटा दूसरे मामले में अधिक कर लगा कर पूरा किया जाता है । लोक–लेखा समिति के विचार में इससे मामला और खराब होता है ।

धारा 23(क) के अन्तर्गत आने वाले समवायों के साथ बहुत विभेद किया गया है । कुछ लोग अतिकर बचा रहे थे और ऐसे समवायों को अपने लाभ बांटने के लिए बाध्य किया गया ताकि अंशधारियों से कर वसूल किया जा सके । पिछले वर्ष पहली बार वित्त मंत्री ने ऐसे समवायों तथा अन्य समवायों में विभेद किया । इस वर्ष उन्होंने निस्संदेह उन्हें कुछ राहत दी है । परन्तु यह राहत केवल निर्माण तथा उत्पादन करने वाले समवायों को दी गई है परन्तु इस धारा के अन्तर्गत और भी समवाय आते हैं, जैसे परामर्श, सार्थ, इंजीनियर और शिल्पकार तथा निर्माण कार्य करने वाले समवाय । उन समवायों पर 60 प्रतिशत कर नहीं लगना चाहिये जबकि अन्य समवायों पर 45 प्रतिशत कर लगाया जाता है । केवल यही नहीं, 60 प्रतिशत कर देने के बाद भी उन्हें बाध्य किया जाता है कि वे अपनी आय को लाभाशों के रूप में बांट दें । यदि वे ऐसा नहीं करे तो उन पर 37 प्रतिशत और कर लगाया जाता है । इसे घटा कर अब 25 प्रतिशत कर दिया गया है । उन पर 70 प्रतिशत की सर्वोपरि सीमा भी लागू नहीं होती ।

विदेशी शिल्पकारों, समवायों को स्वामिस्व से होने वाली आय पर तथा लेखकों को उनकी आय पर विशेष रियायतें दी जाती हैं । वकीलों, डाक्टरों, लेखापालों, वास्तुकारों तथा अन्य व्यवसाय वालों को भी विशेष रियायतें दी जाती हैं । फिल्मी अभिनेताओं तथा अभिनेत्रियों, नृतको तथा अन्य कला–कारों से भी विशेष व्यवहार किया जाता है । पंजीकृत सार्थो तथा सहकारी समितियों से भी विशेष व्यवहार किया जाता है परन्तु यह सभी रियायतें धारा 23(क) के अन्तर्गत आने वाले समवायों को नहीं दी जातीं ।

मैं माननीय वित्त मंत्री की कठिनाईयों को समझता हूं । उन्हें प्रतिरक्षा और विकास के लिए प्रबन्ध करना है । इसके साथ ही घाटे की अर्थ–व्यवस्था को समाप्त करना है । इसलिए वह करों में अधिक कमी नहीं कर सकते । यदि अमरीका को इस सम्बन्ध में कठिनाइयों को सामना है तो हम समझ सकते हैं कि हमारा काम कितना कठिन है ।

**Shri U.M. Trivedi** (Mandsaur): Mr. Deputy Speaker. Sir. it has been said that this is the first surpluse budget of our country in which a saving of rupees ten crores has been shown. On scrutinising the budget, I found that this saving has been shown as a result of heavy loans. We have started 23 companies which have not yet begun functioning. We have invested Rs. 316 crores in them. 35 companies are functioning and a sum of Rupees 316.72 crores has been invested in them. Rupees 1026 crores have been invested in 14 development corporations. In this way a total sum of Rupees 1941 crores has been invested and the total return during this year is Rs. 5.78 crores. Even at 4 per cent interest the income should have been 60—70 crores. We are thus, suffering a loss of 70 crores of rupees. Exact calculations can be made by the finance Minister himself. We should apply practical economics and should not depend on bookish knowledge.

Real socialism was prevalent among the Hindus. With the income of one person everybody in the family was supported. You have spoiled that system.

No country has been left from whom you have not borrowed. It is even difficult to count the countries. You have borrowed from where you could get. The quantum of loan is also too much. You think you are going to invest Rs. 22,500 crores in the Plan. You want a loan of Rs. 4000 crores. Wherefrom will you get so much money ? Why are you ruining the country ? You are going on increasing the loan. Why don't the people in the congress with practical knowledge come forward and say that this policy is ruining the country ?

